* ओ३म् *

सामवेद संहिता

भाषा काव्यानुवाद

प्रकाशवती
शास्त्री, एम० ए० बी० टी०, प्रभाकर
१४, जैन मन्दिर, राजा बाजार
नई दिल्ली ।

॥ ओ३म् ॥

मेरे पूज्य पिता जी

श्री अनन्तराम जी खन्ना

मेरे पिता जी का जन्म लाहौर के निकट स्थित शाहदरा में हुआ। इनके पिता जी किसान थे। लाहौर के समीपस्थ एक ग्राम में रह कर कृषि कार्य करते थे। इन की माता जी बड़े धार्मिक तथा उदार विचारों की नारी थीं। इन के पिता जी शिक्षा के विशेष पक्षपाती न थे, अतः मेरे पिता जी अमृतसर में अपने मामा जी के पास रहने लगे। वहां रहकर उन्होंने बी०ए० तक शिक्षा प्राप्त की। लाहौर के सेण्ट्रल ट्रेनिंग कालेज से एस०ए०वी० की परीक्षा पास करके वहीं दयालसिंह कालेज में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में कार्य करने लगे। मैट्रिक पास करने के पश्चात् ही इन्हें सरकारी नौकरी मिल रही थी, परन्तु उनके राष्ट्रीय विचारों ने इन्हें यह नौकरी न करने दी।

आर्यसमाज में प्रवेश--

वे हमें बताया करते थे कि एक आर्यसमाजी मुझे बुलाकर ले गया। सन्ध्या की पुस्तक दी जिसको मैंने दूसरे दिन ही याद करके सुना दिया।

आर्यसमाज पर इन्हें इतनी अटूट श्रद्धा थी कि वे प्रत्येक रविवार तथा अन्य उत्सवों पर नियमपूर्वक न केवल स्वयं जाते थे वरन् मुझे भी साथ ले जाते थे। घर में भी आर्यसमाज के सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करते हुए किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाते थे। उन का स्वभाव अतिशय कोमल तथा हृदय उदार था।

कर्तव्य परायणता—

इनकी कर्तव्य-परायणता से स्कूल के समस्त अधिकारी सन्तुष्ट रहते थे, अतः उन्होंने इन्हें (सिंध) मियांवाली के एक स्कूल में प्रधानाध्यापक बनाकर भेज दिया। वहां चार वर्ष कार्य करके पुनः लाहौर लौट आए।

लाहौर से अम्बाला में आकर वहां हिन्दू मुस्लिम स्कूल के प्रधानाध्यापक के रूप में इन्हें अपने उदार स्वभाव के कारण पर्याप्त सफलता मिली।

वहां के शिक्षा विभाग ने इन्हें रिवाड़ी के समीपस्थ एक ग्राम में भेज दिया जहाँ पर यह लड़कों को गणित अंग्रेजी के अतिरिक्त कृषि की शिक्षा भी देते थे। यही नहीं वहां एक कन्या पाठशाला बन्द पड़ी थी उसका पुनः उद्घाटन करके मुझे उस छोटी अवस्था में ही अध्यापिका बना दिया। वहाँ सन्ध्या, हवन और भजनों का भी खूब प्रचार होता था।

दिल्ली में—

एक वर्ष के पश्चात् दिल्ली में आ गए। यहां पर एक बाजार में खड़े थे कि एक मुसलमान मित्र मिला। उसने पूछा, आजकल क्या कर रहे हो? बोले कुछ नहीं, वह बोला हमारे स्कूल का प्रधान पद संभालिए। एक वर्ष तक वे अरबी स्कूल के प्रधानाध्यापक रहे। वे सबके साथ प्रेमपूर्वक हंसकर ही बोलते थे, चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान। मूल रूप से आर्यसमाजी होते हुए किसी से घृणा या उपेक्षा नहीं करते थे।

दिल्ली में रहकर इन्होंने कई नये स्कूल भी खोले। हिन्दू, जैन, रामजस आदि इन स्कूलों में ही यह प्रधान पद पर कार्य करते रहे। दिल्ली के बड़े रईसों के और गरीबों के बच्चों को घर घर जाकर पढ़ाया। किसी से फीस लेकर किसी से न लेकर।

कन्या शिक्षा—

वर्तमान रघुमल कन्या पाठशाला के शैशव के यही संरक्षक थे। लगभग छः वर्ष तक इसके प्रबन्धक रहे।

इनकी छः कन्याएँ हुई। सब को समान रूप से पुत्रों के समान ही उच्च शिक्षा दी। अन्य कई कन्याओं को भी निःशुल्क शिक्षा देते रहे।

होम्योपैथिक चिकित्सा—

शिक्षण-कार्य के साथ होम्योपैथिक चिकित्सा की पुस्तकों का भी अध्ययन करते और लोगों का मुफ्त इलाज करते। इससे उन्हें प्रसन्नता होती थी।

एक बार हम मिंटो रोड पर रहते थे, रात के समय एक मुसलमान पड़ोसी घबराया हुआ आया और बोला, कृपया साइकिल दे दीजिए, मेरे बच्चे की हालत खराब है दवाई लाऊँगा। मेरे पिता जी ने कहा, मैं दवाई देता हूँ। पिता जी ने दवाई दी, ईश्वर की कृपा से उसका बच्चा ठीक हो गया। बस जी वह तो भक्त बन गए। हम मकान बदलकर डाक्टर लेन में आ गए। वे वहां भी अपनी पत्नी और बहिन को लेकर हमें मिलने के लिए आते रहे। पाकिस्तान में जाने से पहले भी हमें मिलकर ही गए। वास्तव में उनकी

श्री अनन्तराम जी खन्ना

बी० ए०

जन्म सन् १८८५ स्वर्गवास १९६३

दवाई में जादू था क्योंकि रोगियों की सेवा करना भी उनका शौक था। प्रतिदिन गन्दे गन्दे घरों में जाकर रोगियों के घावों को नीम के पानी से ही धो-धोकर ठीक कर देते थे।

मांसाहार के शत्रु —

सदा सादा निरामिष भोजन तो करते ही थे बाजार की बेकार खाद्य वस्तुओं और चाय से भी परहेज था। चाट मिठाई को खाना खिलाना भी पाप समझते थे।

उनकी तर्कशैली भी अद्भुत और मधुर होती थी। एक मांसाहारी मित्र से बोले — कभी सोचा है, मांस क्या होता है? मरे जानवरों की सड़ी हुई चरबी। मित्र सुनकर चला गया। अगले दिन आकर बोला—मास्टर जी आप ने पता नहीं क्या कर दिया, आप की बात सुनकर मैं घर गया तो मांस को मैं चाहने पर भी नहीं पका सका, इतनी घृणा हो गई, उठा कर फेंक दिया। पिता जी हँसते-हँसते ही बात करते थे पर हम कभी उसकी अवहेलना नहीं कर सकते थे।

ज्ञान —

उनका गणित, इंगलिश, भूगोल, इतिहास का ज्ञान उच्चकोटि का था। अरबी, फारसी, उर्दू के अच्छे ज्ञाता थे। आर्यसमाज की कृपा से हिन्दी भी अच्छी लिख लेते थे। संस्कृत न सीखने का उन्हें दुःख था जिसे उन्होंने मुझे संस्कृत पढ़ा कर दूर करना चाहा, वे कहते थे मैंने तो तुझे केवल संस्कृत पढ़ानी है – घर में पण्डित जी आते थे। मुझे बचपन से ही संस्कृत सुगम और मधुर लगती थी।

मुझे भाषण देते हुए देखकर वे गद्‌गद हो जाते थे। आज मैं जो कुछ भी हूँ उनकी कृपा और सद्‌भावना के फलस्वरूप। अतः यह पुस्तक उनकी ही स्मृति में समर्पित है।

प्रकाशवती बुग्गा

शास्त्री, एम० ए०, बी० टी०, प्रभाकर

भूमिका

ओ३म् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव ।
यद् भद्रं तन्न आसुव ।।

अर्थ—विश्व के उत्पत्तिकर्ता इतनी कृपा तो कीजिए ।
दूर करके सब बुराइयाँ भाव शुभ भर दीजिए ।।

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ।।

अर्थ—सत्य सनातन ज्ञान का प्रकाश करने के लिए जगत्पिता जगद्गुरु जगदीश्वर ने सृष्टि के प्रारम्भ में ही चार ऋषियों के द्वारा चारों वेदों का ज्ञान दिया । उनके नाम हैं—ऋग्, यजु, साम, अथर्व; और चार ऋषि हैं—अग्नि, आदित्य, वायु, अंगिरा । ऋग्वेद– विज्ञानकाण्ड, यजुर्वेद– कर्मकाण्ड और सामवेद उपासनाकाण्ड कहलाता है । अथर्ववेद शरीर विज्ञान के साथ ब्रह्मज्ञान का भी प्रकाशक है ।

विषयभेद से ही वेदों के चार भाग माने गए हैं । ऋषि दयानन्द कहते हैं ज्ञान और कर्म को ऋग् और यजुः से पूर्णतया जानकर सामवेद में उस पर विचार किया जाता है । स्पष्ट है कि वेद का पूर्ण फल ईश्वरप्राप्ति है । ज्ञानपूर्वक कर्म का नाम ही उपासना है । यह भी बताया है कि ऋग्भिः स्तुवन्ति, यजुर्भिः यजन्ति, सामानि गायन्ति ।

ऋषिवर आगे लिखते हैं गान विद्या तीन प्रकार की होती है—द्रुत, मध्यम और बिलम्बित । ऋग्वेद के मन्त्रों द्वारा स्तुति, यजुर्वेद के मन्त्रों द्वारा यज्ञ । ऋग् यजु मन्त्रों का गायन द्रुत और मध्यम गति से होता है । सामवेद का पाठ बिलम्बित गति से होता है ।

वस्तुतः सामवेद का विषय उपासना है । मनुष्य की कर्मग्रहग्रन्थियां जहां समाप्त हो जाती हैं, वहीं उपासना सामवेद का मुख्य विषय है । सामवेद में १८७५ मन्त्र हैं ।

उपासना-काण्ड होने के कारण ही सामवेद का विशेष महत्त्व है । यह सारे शास्त्रों में गीतिकाव्य के नाम से प्रसिद्ध है । इसका प्रत्येक मन्त्र प्रभु

की ज्ञानपूर्वक स्तुति प्रार्थना से ओत-प्रोत है। इसका एक-एक मन्त्र गाने वाले को आत्मविभोर करके ब्रह्मानन्द में लीन कर देता है। अनुपम शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करता है।

वेदों की भाषा वैदिक संस्कृत है। इस भाषा से अनभिज्ञ जन मन्त्रों की आत्मा तक नहीं पहुंच सकता और न ही उसके वास्तविक आनन्द का उपभोग कर सकता है।

दुर्भाग्य से इस युग में संस्कृत भाषा का प्रचार अति अल्प है, अतः वेदों के श्रद्धालु भी इस आनन्द से वंचित हैं। इसी त्रुटि को पूर्ण करने के लिए ही मैंने सामवेद के मन्त्रों को भाषा-काव्य में परिणत करने की चेष्टा की है।

योगिराज कृष्ण जी ने भी अपनी भगवद् गीता में कहा है—

वेदानां सामवेदोऽस्मि।

सामवेद की श्रेष्ठता तो उसके नाम से ही प्रकट है। साम का अर्थ है समता, आत्मा और परमात्मा को उपासना द्वारा समान स्तर पर लाना। सच्चिदानन्द के अन्दर निहित आनन्द का आत्मा के द्वारा उपभोग करना। यद्यपि उपासना के मन्त्र चारों वेदों में पाए जाते हैं तथापि सामवेद में ऐसे मन्त्र विशेष रूप से संगृहीत किए गए हैं। इसमें प्रभु की सभी रूपों में सभी रसों में उपासना की गई है। साम वस्तुतः वह विद्या है जिसमें विश्व संगीत गूंज रहा है। विश्व-समन्वय है, ईश्वर, जीव, प्रकृति की क्रीड़ा है विश्व-साम है।

मैंने प्रायः आर्यसमाज के सत्संगों में अनुभव किया कि जनता भाषा-संगीत से अधिक प्रभावित होती है। सामवेद तो है ही संगीत। वैदिक भाषा के साथ-साथ यह आर्यभाषा का रूप क्यों न धारण करे। इसी विचार से मैंने सामवेद के मन्त्रों को हिन्दी भाषा में पद्यानुवाद करके, गान करके देखा, बड़ा आनन्द आया, अतः सामवेद के सारे मन्त्रों को हिन्दी कविता में लिख कर जन-जन में पहुंचाने की प्रबल प्रेरणा हुई। स्वान्तःसुखाय किया गया यह प्रयास सर्वहिताय आर्य जनता के सम्मुख उपस्थित है।

विनीता :

प्रकाशवती बुग्गा

शास्त्री, प्रभाकर एम०ए० बी०टी० सिद्धान्तशास्त्री।

सामवेद संहिता

(हिन्दी भाषा काव्यानुवाद)

आदरणीया माता प्रकाशवती जी शास्त्री, एम० ए०, बी० टी० प्रभाकर ने मनोयोग से सामवेद संहिता का हिन्दी कवितान्तर प्रस्तुत किया है। मुझे विश्वास है कि जैसे श्रद्धापूर्वक सामवेद का गायन करते हैं, उसी प्रकार इस हिन्दी अनुवाद का भी गायन करेंगे। यह अनुवाद निश्चय ही लोकप्रिय होगा, क्योंकि यह लोकभाषा में तथा लोकगीत शैली में लिखा गया है। माता जी ने चुन चुन कर ऐसे संदर्भ शब्दों का इस छायानुवाद में गुम्फन किया है जिनका सार्थ-संस्पर्श हमें आह्लादित करता है। वेदों का अनुवाद सरल कार्य नहीं है। वेदों की ऐसी व्याख्या करना जो विज्ञान सम्मत, समाज सम्मत, शास्त्र सम्मत तथा मानव सम्मत हो, एक बहुत ही कठिन कार्य है। वेदों का ज्ञान सत्य और सनातन ज्ञान है। इस ज्ञान को सभी के समझने योग्य बनाना, माता जी के अध्यवसाय का वह सुफल है जो इस ग्रन्थ के रूप में आपके सामने है। मैं विषय वस्तु के सम्बन्ध में कुछ भी न कहकर, केवल हिन्दी प्रस्तुति की ही प्रशंसा करना चाहता हूँ। सम्भवतः उतना ही कहना मेरे अधिकार में है।

मुझे विश्वास है कि सभी आर्यजन इन काव्यानुवादों का गायन करके आनन्द की अनुभूति करेंगे।

माता जी के इस सुप्रयास के लिए मैं नतमस्तक हूँ।

डॉ० धर्मपाल, प्रधान
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा
१५, हनुमान् रोड, नई दिल्ली-११०००१
दिनांक ३।६।८८

॥ ओ३म् ॥

सामवेद कल्पद्रुमः

सच्छाया स्थिरधर्ममूलवलयः पुण्यालवालान्वितो
धीविद्या करुणाक्षमादिगुणविलसद्विस्तीर्णशाखा।

सन्तोषोज्ज्वलपल्लवः शुचियशः पुष्पः सदा सत्फला
सर्वाशा परिपूरकोऽयं सामवेदकल्पद्रुमः विद्यते।

निस्सन्देह उपर्युक्त श्लोक पवित्र सामवेद के गुणों की व्याख्या करता है।

सामवेद को कल्पवृक्ष कहा है। क्योंकि इसके द्वारा मानव की सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं।

इस का शब्दार्थ इस प्रकार से है इस वृक्ष की छाया स्थिर है अर्थात् सदा रहने वाली है। इसकी जड़ें धर्म हैं यह सारा वृक्ष धर्म की जड़ों से घिरा हुआ है। इस की क्यारी पवित्र कर्मों से भरी हुई है। इस की फैली हुई शाखाएँ सभी दिव्य गुणों से सुशोभित हो रही हैं। वे गुण हैं करुणा, क्षमा, धी, विद्या। इसके पत्ते सन्तोष भाव से चमकते हैं। इसमें पवित्र यश के फूल लगे हुए हैं। इसमें सदा श्रेष्ठ फल लगते हैं और यह मानव की समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला है। इसीलिए इसे कल्पवृक्ष कहते हैं इसी कल्पवृक्ष का नाम सामवेद है। अर्थात् सामवेद ही वह कल्पवृक्ष है जिससे इतने शुभ गुणों की प्राप्ति होती है।

इस कल्पद्रुम की छाया का आनन्द लेना हो, इसके फलों का अनोखा रस सोम-पान करना हो तो इस के मन्त्रों के अन्दर प्रवेश करना होगा। इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए श्रीमती प्रकाशवती शास्त्री ने इस का भाषा में अनुवाद करके हमारे सामने प्रस्तुत किया है।

वेदपाठी वेदमर्मज्ञ विद्वानों को तो इसका आनन्द स्वतः प्राप्त हो जाता है परन्तु साधारण व्यक्ति जो केवल थोड़ी बहुत हिन्दी भाषा ही जानता है।

वह इससे दूर ही रहता है। केवल मन्त्रों के शरीर को ही छू पाता है। उसके प्राणों का संसर्ग नहीं प्राप्त कर सकता। प्रस्तुत भावानुवाद इसी कठिनाई को दूर करता है।

आप [illegible] अनुवाद को पढ़ते समय ऐसा अनुभव करेंगे कि आप इन्द्र बन कर सोम रस का पान कर रहे हैं। जैसे बादलों को छिन्न भिन्न करके सूर्य की किरणें सारे संसार में फैल जाती हैं इसी प्रकार इस अनुवाद से मन्त्रों का प्रकाश साधारण व्यक्तियों को [illegible] देने में समर्थ होगा।

मेघाछन्न आकाश पर जब इन्द्र [illegible] वज्र गिरता [illegible] उसकी जल की भीनी फुहार ग्रीष्मसन्तप्त धरती को शीतल जल से परिप्लावित कर देती है उसी प्रकार इस पुस्तक को पढ़ते पढ़ते मन समता और शान्ति के भावों से भर जाता है। सत् चिदानन्द के पवित्र स्पर्श का अनुभव करने लगता [illegible]।

लेखिका ने इस पुस्तक में ऐसे सुगम छन्दों तथा भाषा का प्रयोग किया [illegible] कि उससे साधारण पढ़ा लिखा व्यक्ति भी गा सके तथा [illegible] सके। गाते गाते मन इस में लीन हो जाए [illegible] सच्ची शान्ति और शक्ति को उपलब्ध करे।

ज्यों ज्यों इन मन्त्रों के साथ-साथ भाषा में गुंथे सुवासित पुष्पों को सूंघता [illegible] इसके अंग अंग में अनोखी शक्ति का संचार होने लगता है। उसका मन शिवसंकल्पों से पूरित होकर शुभ कर्मों को करने के लिए मचल उठता [illegible]। उसे लगता है कि वह सचमुच सोमरस का पान कर रहा [illegible] वह इन्द्र ही शक्ति और ऐश्वर्य का स्वामी है।

एक मन्त्र देखिए—

पवस्व देववीरति पवित्रं सोमरंहसा।
इन्द्रमिन्दो वृषा विश ॥

अर्थ—दिव्य गुणों के धारणकर्ता,
पावन सोम तू आता जा।
हृदय में आकर आनन्ददाता,
इन्द्र के [illegible] में छाता जा ॥

इस मन्त्र में प्रभु भक्ति ही सोम [illegible] उसे पीकर ही मनुष्य इन्द्र अर्थात् इन्द्रियों का स्वामी बन जाता है और उसका जीवन सच्चे आनन्द से भर जाता है।

प्रस्तुत पुस्तक का उद्देश्य ही सामवेद के आनन्द का प्रचार तथा प्रसार करना है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि इस पुस्तक का पाठ करके सारा संसार आनन्द और शांति से भर जाये। ईश्वर करे लेखिका का उद्देश्य सफल हो। इस पुस्तक का पुष्कल प्रचार तथा प्रसार हो।

शुभाभिलाषिणी :
डा० चन्द्रप्रभा

॥ ओ३म् ॥

शुभ कामनाएँ

श्रीमती प्रकाशवती शास्त्री ने 'सामवेद' का पद्यानुवाद (कविता) में छन्दोबन्धन किया है। यह आर्यसमाजों में सामवेद गायन कथा करने के लिए अत्युपयोगी साधन बन गया है। इन मधुर कविताओं से सब को आनन्द मिलेगा। इसे श्रद्धा [illegible] गाया जा [illegible] है। श्रीमती शास्त्री जी का उद्देश्य है कि मानव मात्र [illegible] हृदय में वेद के प्रति श्रद्धा बढ़े। भव्य भावना भरे। यह मानव तन हृदय कोष भावनाओं से ओत-प्रोत रहे, इस में कूड़ा करकट जमा न हो, प्रकाश [illegible] भरा रहे। संगीत से भरे, सुगन्धि से भरे, जो मनुष्य अपने हृदय कोष जीवन की सुगन्धि से भर लेता है वह स्वयं ही प्रभु भक्त बन जाता है। इसी की पूर्ति के लिए वेद भगवान् की प्रशस्ति में चन्द्र के सम काव्य कानन संजोये गये हैं। जन जन कल्याण हेतु [illegible] ज्योति दिखलाई है।

सामवेद गायन निश्चय ही लोगों [illegible] हृदय में रस की सृष्टि के साथ साथ संस्कृति के परिवेश में सुरक्षित बना रहेगा। श्रीमती शास्त्री जी एक विदुषी महिला हैं। सदा आर्यसमाज के सिद्धान्तों पर दृढ़ रहती हैं। सरल भाषा [illegible] कविता का रूप देकर जीवन भर वेदों की महिमा गाई है। स्वामी दयानन्द के गुणों [illegible] गायन किया है। इस वेद भगवान् की पावन वाटिका का एक एक सुरभित पुष्प सबको आनन्दित करता रहेगा। सृष्टि रचयिता परम प्रभु में सच्चा विश्वास और श्रद्धा उत्पन्न होगी और दृढ़ [illegible] की प्राप्ति होगी, और [illegible] वेद गायन काव्य से सुख शान्ति की अनुभूति होगी। श्रीमती शास्त्री जी का यह परिश्रम चिरकाल [illegible] अमर रहेगा कि—

> [illegible] [illegible] नयनाभिराम, भूकम्पों [illegible] [illegible] जाते हैं।
> [illegible] तुरङ्ग वाहन पानी की, बाढ़ों में बह जाते [illegible]॥
> अन्त चिता में बड़े बड़े, बलवन्त देह [illegible] जाते हैं।
> पर कवियों के काव्य, कोटिशः कण्ठों में रह जाते [illegible]॥

इस उत्तम वेद महिमा गायन से आर्यसमाज की गौरव श्रीमती प्रकाशवती शास्त्री का परिश्रम प्रशंसा योग्य है।

मैं चाहता हूँ कि इस ग्रन्थ का अधिकाधिक प्रचार हो और उन की रचनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित हों। आशा है कि प्रचार-प्रसार के लिए यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी।

शुभ कामनाओं के साथ।

शुभेच्छु :
स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती
अधिष्ठाता, वैदिक धर्म प्रचार
१५ हनुमान् रोड, नई दिल्ली-१

दुःख शमनानुवाद

पूज्य माता श्रीमती प्रकाशवती जी बुग्गा द्वारा रचित सामवेद का भाषानुवाद देखा। पिछले कतिपय वर्षों से आप के द्वारा विरचित भक्ति भावनाओं से गुम्फित छन्दों का अवलोकन करता रहा हूँ। काव्य करने की आप में मौलिक प्रतिभा है। सामवेद के मन्त्रों का जिस हृदयाह्लादक शैली में आप ने पद्यबद्ध अनुवाद किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। लेखन द्वारा यश अर्जित करने की इच्छा आप में लेशमात्र भी नहीं रही है। आप का लेखन तो समाज में व्याप्त कुरीतियों, कुसंस्कारों तथा कुप्रथाओं के समूलोच्छेदनार्थ होता है। सामवेद के पद्यानुवाद में आप विगत कई वर्षों से संलग्न रही हैं। प्रसंगवशात् इस के कुछ स्थलों का मैंने अवलोकन भी किया है। मेरी यह दृढ़ धारणा है कि आपके द्वारा किया गया यह सत्प्रयास दिग्भ्रमित तथा अशान्त मानव को शाश्वत शान्ति प्राप्त कराने में सहायक होगा। वस्तुतः साम शब्द का अर्थ ही होता है जो दुःखों का शमन करे। इस अनुवाद द्वारा जनमानस अपनी में प्रभु वाणी का पारायण कर स्वयं के सन्तप्त हृदय को परमानन्द की अनुभूति करा सकेगा ऐसा मेरा विश्वास है। मानव के अन्तःकरण को उदात्त भावनाओं द्वारा परितृप्त करने वाले सुख और शान्ति के अमृत स्रोत प्रभु के सन्देश तथा लोकभाषाबद्ध उन का यह काव्यानुवाद 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' होवे ऐसी मेरी मंगल-कामना है। ग्रन्थ लेखिका सात्त्विक विचार वाली विदुषी तथा साहित्य की विविध विधाओं में नितान्त निपुण हैं। यावत् सामर्थ्य मनसा वाचा कर्मणा समाज सेवा सतत संलग्न रहती हैं। परमात्मा इन्हें अनुकूल स्वास्थ्य तथा दीर्घायुष्य दे जिस से इन के द्वारा रचित सत् साहित्य से समाज अधिकाधिक लाभान्वित हो सके।

विदुषामनुचरः
भारद्वाज पाण्डेय
एम० ए० साहित्याचार्य
आर्यसमाज हनुमान् रोड, नई दिल्ली

॥ ओ३म् ॥

सामवेद-संहिता

पूर्वार्चिकः (छन्द आर्चिकः)

आग्नेयं काण्डम्

अथ प्रथमोऽर्धः

इसके ११४ मंत्र [illegible]।

ओ३म् अग्न आ याहि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि ॥१॥

आगे बढ़ाने वाले हे प्रभो,
मेरे हृदय [illegible] आइए।
अज्ञान [illegible] कर नाश,
हम को त्याग भाव सिखाइए॥

त्वमग्ने यज्ञानां होता विश्वेषां हितः। देवेभिर्मानुषे जने ॥२॥

हे मार्गदर्शक प्रभो हमें, मार्ग दिखलाते रहो।
ज्ञान कर्म [illegible] इन्द्रियों को, शुभ कर्म सिखलाते रहो॥

अग्निं [illegible] वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। [illegible] यज्ञस्य सुक्रतुम् ॥३॥

हे सर्वज्ञानी दिव्य अग्ने, आत्मिक यज्ञ हम [illegible] करा।
तेरी कृपा ही शक्ति देती, हम को तू ही आगे बढ़ा॥

अग्निर्वृत्राणि जङ्घनद् द्रविणस्युर्विपन्यया। समिद्धः शुक्र आहुतः ॥४॥

मैं स्तुति से सिद्ध कर, अग्नि का प्रकाश करता।
अग्नि हमारे अज्ञान के, सारे संकट नाश करता॥

प्रेष्ठं वो अतिथिं स्तुषे मित्रमिव प्रियम्। अग्ने [illegible] न वेद्यम् ॥५॥

मैं स्तुति करता तुम्हारी, मित्र [illegible] प्यारा तू ही।
[illegible] अतिथि भी [illegible] हमारा, सब वस्तु भण्डारा तू ही॥

त्वं नो अग्ने महोभिः पाहि विश्वस्या अरातेः। उत द्विषो मर्त्यस्य ॥६॥

हे प्रकाशदाता दिव्य अग्ने, ज्ञान की अग्नि जला।
द्वेष आदि भाव गन्दे, दूर सब मन से भगा॥

एह्यू षु ब्रवाणि तेऽग्न इत्थेतरा गिरः। एभिर्वर्धास इन्दुभिः ॥७॥

आ आ प्रभो आ आ प्रभो,
स्वागत मैं तेरा करता हूँ।
तेरे प्रेम भरे शब्दों से,
अपने मन को भरता हूं॥

आ ते वत्सो मनो यमत् परमाच्चित् सधस्थात्। अग्ने त्वां कामये गिरा ॥८॥

मेरा मन है पुत्र तुम्हारा, तुझ से ही सुख पाता है।
चाहे तुम कितने ऊँचे हो, तेरे से ही नाता है॥

त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत। मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ॥९॥

सारे जग को मन में धरके, भक्त तुझे पा जाता है।
मन से तुझ को ध्याते ध्याते, तेरी ज्योति पा जाता है॥

अग्ने विवस्वदाभरास्मभ्यमूतये महे। देवो ह्यसि नो दृशे ॥१०॥

मेरी यात्रा यज्ञ है, मार्ग मुझे दिखलाइए।
अपनी शक्ति से मुझे, उद्देश्य पर पहुंचाइए॥

इति प्रथमा दशतिः (प्रथमः खण्डः)

नमस्ते अग्न ओजसे गृणन्ति देव कृष्टयः। अमैरमित्रमर्दय ॥१॥

अपना आपा अर्पण करता, शक्ति पाने के लिए।
शत्रु सारे नष्ट कर दे, शुभ कर्म कराने के लिए॥

दूतं वो विश्ववेदसं हव्यवाहममर्त्यम्। यजिष्ठमृञ्जसे गिरा ॥२॥

उस सर्वोत्तम देवदूत के, गीत सदा मैं गाता हूँ।
त्याग भाव से कर्म करूं, तुझे यजमान बनाता हूं॥

उप त्वा जामयो गिरो देदिशतीर्हविष्कृतः। वायोरनीके अस्थिरन् ॥३॥

प्राणायाम करें जो मानव, और गीत प्रभु [illegible] गाते हैं।
तेरी सत्ता सत्य सनातन में, लीन वही हो जाते हैं॥

उप त्वाग्ने [illegible] [illegible] दोषावस्तर्धिया वयम्। नमो भरन्त एमसि ॥४॥

हे अज्ञान हटाने वाले, तेरी उपासना हम करें।
अहंकार का भूत भगाकर, तेरी आराधना हम करें॥

जराबोध तद्विविड्ढि विशे [illegible] यज्ञियाय। स्तोमं रुद्राय दृशीकम् ॥५॥

त्यागभाव को धारण कर, जो तेरी स्तुतियां गाता है।
भर जा[illegible] उसके गीतों में, जो अपना आप गंवाता [illegible]॥

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे। मरुद्भिरग्न आ गहि ॥६॥

हे तेजधारी सुविचार दो, मानसिक यज्ञ को करूं।
ऐसा मुझे आधार दो, तेरी शरण को ही वरूं॥

अश्वं न त्वा वारवन्तं वन्दध्या अग्निं नमोभिः। सम्राजन्तमध्वराणाम् ॥७॥

[illegible] सम्राट् का, वन्दन [illegible] करते रहें।
शीघ्रगामी अश्वसम, विघ्न सब हरते रहें॥

और्वभृगुवच्छुचिमप्नवानवदा हुवे। अग्निं समुद्रवाससम् ॥८॥

मैं [illegible] ज्ञानी कर्मशील हूं, ज्ञान की ज्योति बढ़ा रहा।
अन्तःकरण [illegible] रहने वाली, अमर [illegible] को जगा रहा॥

अग्निमिन्धानो मनसा [illegible] सचेत मर्त्यः। अग्निमिन्धे विवस्वभिः ॥९॥

यज्ञ की अग्नि जला कर,
मन [illegible] हम चिन्तन करें।
सब ओर फैली तव प्रभा से,
चेतना धारण करें॥

आवित् प्रत्नस्य रेतसो ज्योतिः पश्यन्ति वासरम्। परो यदिध्यते दिवि ॥१०॥

जिसने सारा जगत् बनाया, सारा दिन प्रकाश करे।
भक्त के मन आकर वो ही अज्ञान तिमिर का नाश करे॥

इति द्वितीया दशतिः (द्वितीयः खण्डः)।

अग्नि वो वृधन्तमध्वराणां पुरुतमम्। अच्छा नप्त्रे सहस्वते ॥१॥

यज्ञों का विस्तार करो, विश्वप्रेम प्रसार करो।
शक्तिशाली अग्नि को पाओ, प्राणीमात्र से प्यार करो॥

अग्निस्तिग्मेन शोचिषा यंसद्विश्वं न्य३त्रिणम्। अग्निर्नो वंसते रयिम् ॥२॥

यह तेजधारी अग्नि, अपने तेज से सब पाप हरता।
यज्ञनाशक कामादि गण, नाश कर आनन्द भरता॥

अग्ने मृड महाँ अस्यय आ देवयुं जनम्। इयेथ बर्हिरासदम् ॥३॥

तुम बड़े आलोकधारी, मेरे मन में आइए।
दिव्यता जो चाहता है, उसमें ही बस जाइए॥

अग्ने रक्षा णो अंहसः प्रति स्म देव रीषतः। तपिष्ठैरजरो दह ॥४॥

हे अजर तुम ही शक्तिशाली, शक्तिजल बरसाइए।
शक्तिनाशक पापरोग मूल से विनसाइए॥

अग्ने युङ्क्ष्वा हि ये तवाश्वासो देव साधवः। अरं वहन्त्याशवः ॥५॥

उन्नतिपथ नेता आप हैं, हम को रथ में ले जाओ।
घोड़े जैसी शक्तिशाली, किरणों को भी साथ सजाओ॥

नि त्वा नक्ष्य विश्पते द्युमन्तं धीमहे वयम्। सुवीरमग्न आहुत ॥६॥

जग के पालक प्यारे स्वामी, तेरी शरण हम आते हैं।
हे अग्ने तू वीर है सच्चा, तुझ को ही हम ध्याते हैं॥

अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति ॥७॥

सब से ऊंची दिव्य शक्ति, अग्नि ज्ञान कर्म प्रदाता।
द्युलोक में रह कर पाले, सारी धरा से कर्म कराता॥

इममू षु त्वमस्माकं सनिं गायत्रं नव्यांसम्। अग्ने देवेषु प्र वोचः ॥८॥

हे ऊपर ले जाने वाले, अपना सुंदर गीत सिखा।
ठीक ठीक सब बांट सकें, ऐसा हम को बोध करा॥

तं त्वा गोपवनो गिरा जनिष्ठदग्ने अङ्गिरः। स पावक श्रुधी हवम् ॥९॥

हे अग्ने तू मेरे सारे, अंगों [illegible] ही रहता है।
अज्ञान पाप को भस्म बनाता, भक्त तुझे जन कहता है॥

परि वाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्। दधद्रत्नानि दाशुषे ॥१०॥
यह अग्नि है द्रष्टा [illegible] का, सब रत्नों का स्वामी है।
दानशील को ही देता है, रत्नभण्डारी नामी है॥

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम् ॥११॥
उसी प्रभु की दिव्य शक्तियाँ, कण कण में हैं चमक रहीं।
प्रभु के दर्श का ज्ञान करातीं, सूर्य-किरणें दमक रहीं॥

कविमग्निमुप स्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे। देवममीवचातनम् ॥१२॥
हे नरजीवन यज्ञ के कर्ता, तुझ अग्नि का ध्यान धरूँ।
दुःखरोग और पाप के नाशक, तेरे भक्ति रस [illegible] पान करूँ॥

शं नो देवीरभिष्टये शं नो भवन्तु पीतये। शंयोरभि स्रवन्तु नः ॥१३॥
हे प्रभो कल्याणकर्ता, दिव्यशक्ति दीजिए।
शांति और सुखसाधनों की, सब पे वर्षा कीजिए॥

कस्य नूनं परीणसि धियो जिन्वसि सत्पते। गोषाता यस्य ते गिरः ॥१४॥

हे [illegible] के रक्षक [illegible] पालक, मेरे काम पूरे कीजिए।
अपनी स्तुति के तेज से, अंग अंग भर दीजिए॥

इति तृतीया दशतिः (तृतीयः खण्डः)।

यज्ञा यज्ञा वो अग्नये गिरा गिरा च दक्षसे । प्र वयममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न शंसिषम् ॥१॥

यज्ञ में अग्नि बढ़ाओ, मित्र तुम उसको बनाओ।
निज वाणी को सच्ची बना, गुण प्रभु के नित्य गाओ ॥

पाहि नो अग्न एकया पाह्युत द्वितीयया। पाहि गीर्भिस्तिसृभिरूर्जांपते पाहि चतसृभिर्वसो ॥२॥

रक्षा करो हमारी, सब को बसाने वाले।
बल के तुम्हीं हो स्वामी, शक्ति बढ़ाने वाले ॥
ऋग्वेद की ऋचाएं, रक्षा करें हमारी।
यजु साम संहिताएं अथर्व भी होवें लाभकारी ॥

बृहद्भिरग्ने अर्चिभिः शुक्रेण देव शोचिषा। भरद्वाजे समिधानो यविष्ठ्य रेवत्पावक दीदिहि ॥३॥

अज्ञान नाश करके, मन में करो उजाला।
तम का संहार करके, चमके ज्योति ज्वाला ॥
जो भक्त यज्ञ करता, उसके हृदय में चमके।
रहता सदा नया तू, शम दम के साथ दमके ॥

त्वे अग्ने स्वाहुत प्रियासः सन्तु सूरयः। यन्तारो ये मघवानो जनानामूर्वं दयन्त गोनाम् ॥४॥

भक्ति करे जो तेरी प्रभु, वह है सब का प्यारा।
आत्मा के धन को पाके, ज्योति का देने हारा ॥
सब को ही है बढ़ाता, सब को ही है पथ दिखलाता।
तेरा ही प्रेम हर भक्त को, अद्भुत प्रभा दिखलाता ॥

अग्ने जरितर्विश्पतिस्तपानो देव रक्षसः। अप्रोषिवान् गृहपते महाँ असि दिवस्पायुर्दुरोणयुः ॥५॥

हे दिव्य अग्ने तू ही, सारी प्रजा का पालक।
सब के अन्दर तू रहता है, कुविचार का नाशक ॥
चमके तेरी ज्योति सदा ही, तेरी प्रभा सुखकारी।
सब से बड़ा तू ही तो है, सुख शांति भण्डारी ॥

अग्ने विवस्वदुषसश्चित्रं राधो अमर्त्य । आ दाशुषे जातवेदो वहा त्वमद्या देवां उषर्बुधः ॥६॥

जिस भक्त हृदय में, सदा ज्ञान का भानु चमके ।
रत्नों से भरा खजाना, उसी के मन में दमके ॥
प्रभु कृपा से ही मानव, दिव्य गुणों को अपनाता ।
अर्पण करके अपना आपा, उसको ही पा जाता ॥

त्वं नश्चित्र ऊत्या वसो राधांसि चोदय । अस्य रायस्त्वमग्ने रथीरसि विदा गाधं तुचे तु नः ॥७॥

[illegible] सुखदाता सुख पाने के, साधन हम को भेज पिता ।
शक्तिदाता ईश्वर ! मेरी सन्तानों को [illegible] आधार पिता ॥

त्वमित्सप्रथा अस्यग्ने त्रातर्ऋतः कविः । त्वां विप्रासः समिधान दीदिव आ विवासन्ति वेधसः ॥८॥

परम सत्य तू क्रांतिकारी, तेरी ज्योति जगमग करती ।
अपना आपा जो तुझ पर वारे, उसको कामों में [illegible] भरती ॥

आ नो अग्ने वयोवृधं रयिं पावक शंस्यम् । रास्वा च न उपमाते पुरुस्पृहं सुनीती सुयशस्तरम् ॥९॥

ऊंचा जीवन कर हमारा,
[illegible] हमें [illegible] दीजिए ।
कार्य शुभ हों [illegible] हमारे,
नीति ऐसी कीजिए ॥

यो विश्वा दयते वसु होता मन्द्रो जनानाम् । मधोर्न पात्रा प्रथमान्यस्मै प्र स्तोमा यन्त्वग्नये ॥१०॥

मधुभावों [illegible] भर कर प्याले,
[illegible] सम्मुख लाई हूं ।
पर हितकारी को ही पहुंचे,
[illegible] लेकर आई हूं ॥

इति चतुर्थी दशतिः (चतुर्थः खण्डः) ।

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे। प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम् ॥१॥

करूं उपासना अमर दूत को,
करके अपना आपा अर्पण।
शक्ति का वही देने वाला,
शुभ कर्मों में प्रेरे मन ॥

शेषे वनेषु मातृषु सं त्वा मर्तास इन्धते। अतन्द्रो हव्यं वहसि हविष्कृत आदिद्देवेषु राजसि ॥२॥

हे जगजननी हे अनुपम देवी, मन मन्दिर में हो रहती।
जो जन तुझ को भजते हैं, उनमें तेरी अग्नि दहती ॥
कर्मों का फल देने में, कभी न देर लगाती।
दुराचरण को दूर भगा कर, [illegible] को [illegible] हर्षाती ॥

अदर्शि गातुवित्तमो यस्मिन्व्रतान्यादधुः। उपो षु जातमार्यस्य वर्धनमग्निं नक्षन्तु नो गिरः ॥३॥

ऊंचे से ऊंचे पथ पर, ले जाने वाला देख लिया।
कैसे शुभ संकल्प बनावें, यह भी हमने सीख लिया ॥
देख देख कर रचना तेरी, सदा प्रेरणा पाते।
सदा चमकने वाले स्वामी, तेरी महिमा गाते ॥

अग्निरुक्थे पुरोहितो ग्रावाणो बर्हिरध्वरे। ऋचा यामि मरुतो ब्रह्मणस्पते देवा अवो वरेण्यम् ॥४॥

हे अग्ने हे गीत पुरोहित, तेरी महिमा हम गावें।
गाते गाते तेरी महिमा, ऊपर ऊपर उठते जावें ॥
तेरे गीत मनोहर प्रभु जी, हमें सहारा देते हैं।
तू गीतों का अमर भण्डारी, तुझ से वाणी लेते हैं ॥

अग्निमीडिष्वावसे गाथाभिः शीरशोचिषम्। अग्निं राये पुरुमीळ्ह श्रुतं नरोऽग्निः सुदीतये छर्दिः ॥५॥

सोई ज्योति जगा ले मानव, शरण पाने के लिए।
ऐश्वर्य चाहे, ज्ञान चाहे, या भरण पाने के लिए ॥
कर स्तुति उस अग्नि की, वही ऊंचे ले जाए।
सुखकारी ज्ञान प्रकाश भी, उससे तू पा जाए ॥

श्रुधि श्रुत्कर्ण वह्निभिर्देवैरग्ने सयावभिः। आ सीदतु बर्हिषि मित्रो अर्यमा प्रातर्यावभिध्वरे ॥६॥

प्रातः सायं शक्ति लेकर, मेरे हृदय में आइए।
ज्ञान कर्म और यज्ञ के हित, दिव्य शक्ति लाइए॥

प्र दैवोदासो अग्निर्देव इन्द्रो न मज्मना। अनु मातरं पृथिवीं वि वावृते तस्थौ नाकस्य शर्मणि ॥७॥

अंतरिक्ष का सूर्य जैसे सेवा करता धरा को।
ज्ञान का रवि प्रकट करता, आलोक परा को॥

अध ज्मो अध वा दिवो बृहतो रोचनादधि। अया वर्धस्व तन्वा गिरा ममा जाता सुक्रतो पृण ॥८॥

उत्तम कर्म कराने वाले तू इस पृथिवी का राजा।
मेरी वाणी को दिव्य बना, जीवमात्र का भरण करा जा॥

कायमानो वना [illegible] यन्मातॄरजगन्नपः। न तत्ते अग्ने प्रमृषे निवर्तनं यद् दूरे सन्निहाभुवः ॥९॥

शुभ संकल्पों वाली अग्नि कभी न शीतल होने पाए।
मैं न उसको सहन करूं, मुझ से दूर दूर हो जाए॥

नि त्वामग्ने मनुर्दधे ज्योतिर्जनाय शश्वते। दीदेथ कण्व ऋतजात उक्षितो यं नमस्यन्ति कृष्टयः ॥१०॥

ज्योति दर्शक अग्ने तेरा, मननशील ने ध्यान किया।
अपना आपा अर्पण करके श्रेष्ठ कर्म [illegible] ज्ञान लिया॥
सत्यज्ञान के शीतल जल [illegible] तुझ को ज्ञानी सींचा करता।
चमक-चमक कर तू भी उसके अन्तस्तल में आनंद भरता॥

इति प्रथमप्रपाठके प्रथमोऽर्धः समाप्तः॥

इति पंचमो दशतिः (पंचमः खण्डः)।

अथ द्वितीयोऽर्धः

देवो वो द्रविणोदाः पूर्णां विवष्ट्वासिचम्। [illegible] सिञ्चध्वमुप वा पृणध्वमादिद् वो देव ओहते ॥१॥

पूर्ण [illegible] प्रभु पूर्ण देता, पूर्ण होगी कामना।
पूर्ण हो जब भेंट तेरी, पूरी होगी साधना॥

प्रैतु ब्रह्मणस्पतिः प्र देव्येतु सूनृता। अच्छा वीरं नर्यं पंक्तिराधसं देवा यज्ञं नयन्तु नः ॥२॥

यज्ञ होगा इन्द्रियों से, ज्ञान की जो दायिनी।
शक्तियों का पुंज दे दो, ज्योति की जो वाहिनी ॥
वेदवाणी दान कर दो, वेद का ही ध्यान हो।
वेद रक्षक तुम सदा, वेद का ही ज्ञान दो ॥

ऊर्ध्व ऊ [illegible] ण ऊतये तिष्ठा देवो न सविता। ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे ॥३॥

रक्षा करो हे अग्ने तेरा प्रकाश अनुपम।
रवि सा रहे तू प्रेरक, सुन प्रार्थना स्तुति मम ॥

[illegible] यो राये निनीषति मर्तो यस्ते वसो दाशत्। स वीरं धत्ते अग्न उक्थशंसिनं त्मना सहस्रपोषिणम् ॥४॥

अमर धन जो चाहता, जग को बसाने वाले।
अर्पण करे वह सब कुछ, शुभ राह दिखाने वाले ॥

[illegible] वो यह्वं पुरूणां विशां देवयतीनाम्। अग्निं सूक्तेभिर्वचोभिर्वृणीमहे यं समिदन्य इन्धते ॥५॥

तेरी अलौकिक ज्योति सज्जन, चित्त में धारण करें।
हम मधुर वचनावली से, तेरा आवाहन करें ॥
पूज्य स्वामी हो सभी के, संकल्प शुभ प्रदान कर।
तेजधारी कर हमें, और प्रतिभावान् कर ॥

अयमग्निः सुवीर्यस्येशे हि सौभगस्य। राय ईशे स्वपत्यस्य गोमत [illegible] वृत्रहथानाम् ॥६॥

आलोकमय प्रभु रूप तेरा, शांतिदायक [illegible] सदा।
विघ्न सारे दूर करके, उन्नत बनाता है [illegible] ॥
दुःख पाप सारे नष्ट कर, धन बढ़ाता [illegible] ही।
भ्रमजाल जो हों मन में, उन को हटाता है तू ही ॥

त्वमग्ने गृहपतिस्त्वं होता [illegible] अध्वरे। [illegible] पोता विश्ववार प्रचेता यक्षि यासि च वार्यम् ॥७॥

मेरे कामों का तू पोषक, मेरे घर का स्वामी है।
देता लेता तू वैभव को, तू उन्नति पथगामी है॥

सखायस्त्वा ववृमहे [illegible] मर्तास ऊतये। अपां नपातं सुभगं सुदंससं सुप्रतूर्तिमनेहसम् ॥८॥

पाप रहित तुम देव हो मेरे सुन्दर प्यारे शांतिस्वरूप।
उत्तम कर्मों को करवाते, पाप रहित भूपन के भूप॥

इति षष्ठी दशतिः (षष्ठः खण्डः)।

आ जुहोता हविषा मर्जयध्वं नि होतारं गृहपतिं दधिध्वम्। इडस्पदे नमसा रातहव्यं सपर्यता यजतं पस्त्यानाम् ॥१॥

करो यज्ञ तुम शुभ भावों से, शुद्ध करो निज मन का द्वार।
बैठा इस [illegible] यज्ञ का स्वामी, पूजो इस को बारंबार॥
अर्पण कर दो अपना [illegible] कुछ, [illegible] यह पूजा हो प्यारी।
त्याग-भाव हृदय में भरके, बन जाए मंगलकारी॥

चित्र इच्छिशोस्तरुणस्य वक्षथो न यो मातरावन्वेति धातवे। अनूधा यदजीजनदधा चिदा ववक्षत् सद्यो महि दूत्यं३चरन् ॥२॥

दिव्य शक्ति [illegible] धारणकर्ता, अग्ने तेरा [illegible] महान।
संकल्परूप [illegible] ज्योतिधारी तेरी शक्ति गुण की खान॥

इदं [illegible] एकं पर ऊ त एकं तृतीयेन ज्योतिषा [illegible] विशस्व। संवेशन-स्तन्वे३ चारुरेधि प्रियो देवानां परमे जनित्रे ॥३॥

परम देव इक तेरी ज्योति, जग को जगमग करती है।
दूजी चेतन [illegible] झलकाकर, उसमें शक्ति भरती है॥
तीजी ज्योति आनन्ददाता, सब को आनन्द देती है।
दिव्य शक्ति की दात्री बनकर, दुःख [illegible] का हर लेती [illegible]॥

इमं स्तोममर्हते जातवेदसे रथमिव सं महेमा मनीषया। भद्रा हि नः प्रमतिरस्य संसद्यग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव ॥४॥

ज्योतिरूप प्रभु हम तेरी, महिमा निशदिन गावें।
आगे आगे जो ले जाएं, वही गीत हम गावें।
शुभकारी हो मति हमारी, तेरी करुणा पावें॥

मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आ जातमग्निम्। कविं सम्राजमतिथिं जनानामासन्नः पात्रं जनयन्त देवाः ॥५॥

सब से ऊंचा सुख का दाता,
जड़ जंगम में रमता है।
ढूंढ ढूंढ कर यत्न करो,
वह सत्य भवन में जमता है॥

वि त्वदापो न पर्वतस्य पृष्ठादुक्थेभिरग्ने जनयन्त देवाः। तं त्वा गिरः सुष्टुतयो वाजयन्त्याजिं न गिर्ववाहो जिग्युरश्वाः ॥६॥

मेघ देता जल जगत् को, तू प्रेरणा है दे रहा।
कर्म करने के लिए विद्वान् तुझ से ले रहा॥
वीर घोड़े युद्ध को, आगे बढ़ाते हैं सदा।
स्तुति गीत हम सब को प्रभु दर्शन कराते हैं सदा॥

आ वो राजानमध्वरस्य रुद्रं होतारं सत्ययजं रोदस्योः। अग्निं पुरा तनयित्नोरचित्ताद्धिरण्यरूपमवसे कृणुध्वम् ॥७॥

जागो जन-जीवन है जब तक, उस अग्नि का ध्यान करो।
जब तक जगती आत्मज्योति, रक्षक का आह्वान करो॥
आत्म-यज्ञ करवा कर
वह सब विघ्नों का नाश करे।
सत्य लाभ हित वह होता,
निज तेज यज्ञ प्रकाश भरे॥

इन्धे राजा समर्यो नमोभिर्यस्य प्रतीकमाहुतं घृतेन। नरो हव्येभिरीडते सबाध आग्निरग्रमुषसामशोचि ॥८॥

जो आग तेरे सामने है, वह प्रभु का [illegible] निशान।
मेरा प्रभु तब जागता, कर्म जब करते महान॥
घी डालने से आग बढ़ती, घर को बनाती दीप्तिमान्।
निर्विघ्न स्तुतियों से हमें, दर्शन देता कीर्तिमान्॥
अभिमानी से दूर रहता, विनयी के जो आस पास।
करके समर्पण सर्व सत्ता आज बन जा उसका दास॥

प्र केतुना बृहता यात्यग्निरा रोदसी वृषभो रोरवीति। दिवश्चि-दन्तादुपमामुदानडपामुपस्थे महिषो ववर्ध ॥९॥

ज्ञान का झण्डा लिये, वह ज्ञानी आगे जा रहा।
चमक वाले बादलों में, द्युलोक [illegible] वह छा रहा॥
शब्द उसका गूंजता, चारों ओर मेरे गा रहा।
शुभ कर्म करते देख मुझ को, इस ओर बढ़ता आ रहा॥

अग्निं नरो दीधितिभिररण्योर्हस्तच्युतं जनयत प्रशस्तम्। दूरेदृशं गृहपतिमथव्युम् ॥१०॥

मन में रहता वह प्रभु, बुद्धि में भी संचरे।
अरणियों में आग रह, ज्यों शीतता [illegible] की हरे॥
दूर के देखें नजारे, उस की कृपा [illegible] हम सदा।
आत्मा की शक्ति देता, वास उसमें करता सर्वदा॥

इति सप्तमी दशतिः (सप्तमः खण्डः)।

अबोध्यग्निः समिधा जनानां, प्रति धेनुमिवायतीमुषासम्। यह्वा [illegible] प्र वयामुज्जिहानाः प्र भानवः सस्रते नाकमच्छ ॥१॥

मधुर दूध को देने वाली गाय सब [illegible] माता है।
प्रातःकाल में उषा सुन्दरी जन जन को सुखदाता [illegible]॥
सुख को पाता [illegible] वह प्राणी संकट [illegible] का भगता है।
उषा काल [illegible] [illegible] करे जो, जिसमें अग्नि जगता है॥
ज्ञानी ध्यानी सारे मानव, सुख पाने को उत्सुक रहते।
ज्ञान रश्मियां सुख दाता हैं वेदमंत्र ऐसा [illegible] कहते॥

प्र भूर्जयन्तं महां विपोधां, मूरैरमूरं पुरां दर्माणम्। नयन्तं गीर्भिर्वना धियं [illegible] हरिश्मश्रुं न वर्मणा धनर्चिम् ॥२॥

जयशील रक्षक सज्जनों का, ऊंचा करे जो शुद्ध मन को।
उस अग्नि को अपना बना, जो नष्ट करता दुष्ट जन को॥
जगमगाती किरणें जैसे, रवि को घेरतीं चारों ओर से।
[illegible] मेरे ध्यान का, बन जाए [illegible] सब छोर से॥

शुक्रं [illegible] अन्यद् यजतं ते अन्यद् विषुरूपे अहनी द्यौरिवासि।
विश्वा हि माया अवसि स्वधावन् [illegible] ते पूषन्निह रातिरस्तु ॥३॥

एक तेरा रूप [illegible] जो, ज्ञान से दिन रात चमके।
दूसरा [illegible] [illegible] समाया, कर्म-कर्ता में जो दमके।
अमृतमय [illegible] रूप दोनों, रक्षा करो इनकी सदा।
कल्याण मंगल की यहां, होती रहे वर्षा सदा॥

इडामग्ने पुरुदंसं सनिं गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध। स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥४॥

हे ज्ञानमय ईश्वर हमें, शुभ सत्यवाणी दीजिए।
शुभ कर्म हम नित ही करें, प्रेरणा वह कीजिए॥
जब भक्त तेरा ग्रहण करता, शरण तेरी प्रेम से।
तू शक्ति अपनी दान करता, उसको निरंतर नेम से॥

प्रहोता जातो महान्नभोविन्नृषद्मा सीदवपां विवर्ते। दधद्यो धायि सुते वयांसि यन्ता वसूनि विधते तनूपाः ॥५॥

हे अग्ने इस जीवन-यज्ञ में, तेरी ज्योति जला करती।
यज्ञ कराने वाले तुझ से, मेरी गाड़ी चला करती॥
मेरे मन में बैठा [illegible] ही, सारे शुभ काम कराता है।
उड़ने वाले चंचल मन को, [illegible] ही वश में लाता है॥

प्र सम्राजमसुरस्य प्रशस्तं पुंसः कृष्टीनामनुमाद्यस्य। इन्द्रस्येव प्र तवसस्कृतानि वन्दद्वारा वन्दमाना विवष्टु ॥६॥

शुभ कामों के कर्ता नर का,
वह करता रहता अभिनन्दन।
अज्ञान भगाने वाला योद्धा,
इंद्र बनाता सब का जीवन॥

अरण्योर्निहितो जातवेदा गर्भ इवेत्सुभृतो गर्भिणीभिः। दिवे दिवे ईड्यो जागृवद्भिर्हविष्मद्भिर्मनुष्येभिरग्निः ॥७॥

मेरे मनमंदिर में स्वामी, ऐसी ज्योति जगा करती।
मन बुद्धि मिल उसे बढ़ावें, कर्मशक्ति ऊंचा करती॥
माता के प्रेम उदर में,
शिशु का जैसे पालन होता।
तेरी अमर ज्योति से,
भगवन् शुभ कामों का पोषण होता॥

सनादग्ने मृणसि यातुधानान् न त्वा [illegible] [illegible] जिग्युः। अनु दह सहमूरान्क्रयादो मा [illegible] हेत्या मुक्षत दैव्यायाः ॥८॥

तेरी कृपा से नष्ट होवे,
मार्ग [illegible] सारे अवधान।
पर-पीड़क परमांस के भोजी,
जन का नाश करो भगवान॥

इति अष्टमो दशतिः (अष्टमः खण्डः)।

अग्न ओजिष्ठमा भर द्युम्नमस्मभ्यमध्रिगो। प्र नो राये पनीयसे रत्सि वाजाय पन्थाम् ॥१॥

हाथ जोड़ हम मांग रहे, अच्छा धन हम को दे भगवान।
सुख देने वाली राहों पर, चलते रहें हम तुझे जान॥

[illegible] वीरो अनुष्यादग्निमिन्धीत मर्त्यः। [illegible] भक्षीत दैव्यम् ॥२॥

हे वीर कर [illegible] ज्ञान का तू, यज्ञ अपने मन भवन में।
कर्म की नित [illegible] आहुतियां, पा अलौकिक आनन्द मन में॥

त्वेषस्ते धूम ऋण्वति दिवि संछुक्र आततः। सूरो न हि द्युता त्वं कृपा पावक रोचसे ॥३॥

ज्योति वाले तेरी शक्ति, नीलगगन में जगमग जगती।
रवि की आभामयी किरण सम, शोभाशाली लगती॥

त्वं हि क्षैतवद्यशोऽग्ने मित्रो न पत्यसे। त्वं विचर्षणे श्रवो वसो पुष्टिं न पुष्यसि ॥४॥

सूर्य के सम ऐश्वर्यशाली, भक्त तेरा यश जानते।
वेद ज्ञान से शक्ति देता, घट घट में तुम को मानते॥

प्रातरग्निः पुरुप्रियो विशः स्तवेतातिथिः। विश्वे यस्मिन्नमर्त्ये हव्यं मर्तास इन्धते ॥५॥

गीत उसी प्यारे [illegible] गाओ,
कण कण में जो समा रहा।
अपना सब कुछ उस को दे दो,
जो घट घट में ज्योति जगा रहा॥

यद्वाहिष्ठं तदग्नये बृहदर्च विभावसो। महिषीव त्वद्रयिस्त्वद्वाजा उदीरते ॥६॥

सुख वाले सर्वोत्तम साधन, अग्नि के अर्पण करते हैं।
उसके दानों की क्या गिनती, उनको पा आगे बढ़ते हैं॥

विशो विशो वो अतिथिं वाजयन्तः पुरुप्रियम्। अग्निं वो दुर्यं वचः स्तुषे शूषस्य मन्मभिः ॥७॥

मेरे घर आए तुम अतिथि, स्वागत मैं तेरा करूं।
सब का प्यारा रचने हारा, तेरे गीतों से मन भरूं॥

बृहद्वयो हि भानवे ऽर्चा देवायाग्नये। यं मित्रं न प्रशस्तये मर्तासो दधिरे पुरः ॥८॥

चिरंजीवी हो वीर हमारा, सब का जो यशदाता है।
नेता बन कर अपने देश का, जन जन का सुखदाता है॥

अगन्म वृत्रहन्तमं ज्येष्ठमग्निमानवम्। यः स्म श्रुतर्वन्नार्क्षे बृहदनीक इध्यते ॥९॥

ज्ञान कर्म संघर्षों में जो, सब को देता शक्ति है।
सब से उत्तम पाप विनाशक, प्रभु में मेरी भक्ति है॥

जातः परेण धर्मणा यत्सवृद्भिः सहाभुवः। पिता यत्कश्यपस्याग्निः श्रद्धा माता मनुः कविः ॥१०॥

धर्म भाव से तू जन्मा है, श्रद्धा तेरी माता है।
पिता ज्ञान सब भांति स्नेही, गुरु क्रांति का दाता है॥

इति नवमी दशतिः(नवमः खण्डः)।

सोमं राजानं वरुणमग्निमन्वारभामहे। आदित्यं विष्णुं सूर्यं ब्रह्माणं च बृहस्पतिम् ॥१॥

वरुण विष्णु और सोम है तू ही, तुझ में सब गुण रहते हैं।
है राजा तू आनन्ददाता, तुझ को अग्नि कहते हैं॥
ज्योति वाली किरणों के स्वामी,
आदित्य देव है नाम तेरा।
इन नामों से तुझे पुकारूं,
सब को शक्ति देना है काम तेरा॥

इत एत उदारुहन् दिवः पृष्ठान्या रुहन् । प्र भूर्जयो यथा पथो द्या-मङ्गिरसो ययुः ॥२॥

भक्त चले जिन राहों से,
हम उन राहों में चलते जाएं ।
यह जग जीतें प्रभु-भक्ति से,
आनन्दलोक भी पा जाएं ॥

राये अग्ने महे त्वा दानाय समिधीमहि । ईडिष्वा हि महे वृषन् द्यावा होत्राय पृथिवी ॥३॥

हे प्रभो हम हवन करते, तुझ को चमकाने के लिए ।
मधुर अद्भुत और मनोहर, दान पाने के लिए ॥

दधन्वे वा यदीमनु वोचद् ब्रह्मेति वेरु तत् । परि विश्वानि काव्या नेमिश्चक्रमिवाभुवत् ॥४॥

पहले परखो मनमंदिर में, पीछे वाणी करे प्रकाश ।
ब्रह्म वही है, वेद वही है, करता वही दुःख का नाश ॥

प्रत्यग्ने हरसा हरः शृणाहि विश्वतस्परि । यातुधानस्य रक्षसो बलं न्युब्ज वीर्यम् ॥५॥

तेजधारी तेज अपना, कर [illegible] चारों ओर से ।
नाश कर कपटी जनों का, अपने बल के जोर से ॥
दुष्ट बल [illegible] हीन हों, वीर्य उनका नष्ट हो ।
धर्मपथ के पथिक नर को, फिर कभी न कष्ट हो ॥

त्वमग्ने वसूँरिह रुद्राँ आदित्याँ उत । [illegible] स्वध्वरं जनं मनुजातं घृतप्रुषम् ॥६॥

[illegible] ज्ञानदाता कर्म प्रेरक, मेरी विनय सुन लीजिए ।
शुभकारी ज्ञानी जन को, आदित्य रुद्र वसु कीजिए ॥

इति दशमो दशतिः (दशम खण्डः) ।

॥ इति प्रथमः प्रपाठकः समाप्तः ॥

अथ द्वितीयः प्रपाठकः

(प्रथमोऽर्धः)

पुरु त्वा दाशिवां वोचेऽरिरग्ने तव स्विदा। तोदस्येव शरण आ महस्य ॥१॥

अपने स्वारथ के हित पहले करता था तेरा उपयोग।
जैसे तैसे छीन झपट कर, करता दानों का उपभोग॥

आज दवा तेरी शक्ति से,
करता हूं तेरा ही ध्यान।
तुझ से बढ़ कर और न कोई,
आज हुआ यह मुझ को ज्ञान॥

प्र होत्रे पूर्व्यं वचोऽग्नये [illegible] [illegible]। विपां ज्योतींषि बिभ्रते न वेधसे ॥२॥

गीत गाओ उस प्रभु के, जैसे ऋषिगण गाते थे।
करो स्तुति इस यज्ञ अनल की, तपस्वी जैसे ध्याते थे॥

अग्ने वाजस्य गोमत ईशानः सहसो यहो। अस्मे देहि जातवेदो महि [illegible] ॥३॥

हे बली हे ज्ञानधन, आलोक हम को दीजिए।
सर्वगत ज्ञानी विधाता, अज्ञान को हर लीजिए॥

अग्ने यजिष्ठो अध्वरे देवान् देवयते यज। होता मन्द्रो वि राजस्यति स्निधः ॥४॥

हे अग्ने तू यज्ञ कराता, तू है सब से श्रेष्ठ महान।
यज्ञ आत्मा से करने को, दिव्य शक्तियां करो प्रदान॥
तू सुख दाता पाप नष्ट कर, अद्‌भुत शोभा पाता है।
तेरी शक्ति से हो मानव, मुक्ति पथ पर जाता है॥

जज्ञानः [illegible] मातृभिर्मेधामाशासत श्रिये। अयं ध्रुवो रयीणां चिकेतदा ॥५॥

ज्ञान साधिका सात शक्तियाँ,
उत्पन्न करतीं तेरा ज्ञान।
शासक बनती धारणा शक्ति की,
आत्मिक शक्ति मिले महान ॥
सदा सहाई परमार्थ [illegible] को,
करे प्रकाशित यह ही ज्ञान।
सारे जगत् का छोड़ सहारा,
पाता नर [illegible] से ही प्राण ॥

उत स्या नो दिवा मतिरदितिरूत्या गमत्। सा शन्ताता मयस्करदप स्रिधः ॥६॥

कभी न टूटे सच्चा ज्ञान, प्रभु की ऐसी शक्ति महान।
सत्यमार्ग की बाधाओं का, करके नाश करे कल्याण ॥

ईळिष्वा हि प्रतीव्यां३ यजस्व जातवेदसम्। चरिष्णु धूममगृभीतशोचिषम् ॥७॥

कण कण में ज्योति उसकी राजे,
दीप्ति जिसकी जगमग राजे।
सब में समाया जो ईश्वर है,
उसी प्रभु [illegible] अग्नि नाम।
उसे जगाओ हव्य वस्तु से,
वही है सब सुख [illegible] धाम ॥

न [illegible] मायया च न रिपुरीशीत मर्त्यः। यो अग्नये ददाश हव्यदातये ॥८॥

काम जो निष्काम करके, प्रेरक प्रभु के अर्पण करता।
छल [illegible] से कोई भी शत्रु, उसके अधिकार नहीं हरता ॥

अप त्यं वृजिनं रिपुं स्तेनमग्ने दुराध्यम्। दविष्ठमस्य सत्पते कृधी सुगम् ॥९॥

दुष्टता [illegible] दूर दुष्टों की, उन्हें सज्जन बना।
जिससे मिलजुल कर करें, तेरी प्रजा का हम भला ॥

अभ्यग्ने नवस्य मे स्तोमस्य वीर विश्पते। नि मायिनस्तपसा रक्षसो दह ॥१०॥

अभी अभी जो की विनय, उसको प्रभु अपनाइए।
अपनी तेज रूपी आग से, मेरे पाप ताप जलाइए॥

इति प्रथमा दशतिः (एकादशः खण्डः)।

प्र मंहिष्ठाय गायत ऋताव्ने बृहते शुक्रशोचिषे। उपस्तुतासो अग्नये ॥१॥

भक्तो! बने हो तुम प्रशंसित, दानी प्रभु के गान से।
गीत गाओ उस सत्यनेता, दिव्य ज्योति स्थान के॥

प्र सो अग्ने तवोतिभिः सुवीराभिस्तरति वाजकर्मभिः। यस्य त्वं सख्यमाविथ ॥२॥

हे ज्ञानमय मेरे पिता, तू कर्म का कर्तार है।
मेरा मित्र बन हे वीर, रक्षक, मेरा बेड़ा पार है॥

तं गूर्धया स्वर्णरं देवासो देवमरतिं दधन्विरे। देवत्रा हव्यमूहिषे ॥३॥

उसी सुखरूप के गुण हम गावें, जो सब का आधार है।
मेरे अंगों ने सौंपा है, अपने कामों का भार है॥

मा नो हृणीथा अतिथिं वसुरग्निः पुरुप्रशस्त एषः। यः सुहोता स्वध्वरः ॥४॥

रूठ न जाए मेरा अग्नि, अतिथि जो सुन्दर हमारा।
अच्छे काम कराता और बसाता, ज्योतिवाला प्राणप्यारा॥

भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा रातिः सुभग भद्रो अध्वरः। भद्रा उत प्रशस्तयः ॥५॥

हे अग्ने कल्याणकारी, तेरी शरण हम आते हैं।
दान हमारा हो सुखदायी, गीत सदा शुभ गाते हैं॥

यजिष्ठं त्वा ववृमहे देवं देवत्रा होतारममर्त्यम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम् ॥६॥

हे देवों के देव प्रभो ! तुझ को ही हम अपनाते हैं।
जीवन परहित ही जीने की, राह तुझी से पाते हैं॥

तदग्ने द्युम्नमा भर यत् सासाहासदने कं चिदत्रिणम्। मन्युं जनस्य दूढ्यम् ॥७॥

हे तेजधारी तेज दो, मैं क्रोध पर वश पा सकूं।
मनमंदिर में जो घुसा है, दुष्ट उसे भगा सकूं॥

यद्वा उ विश्पतिः शितः सुप्रीतो मनुषो विशे। विश्वेदग्निः प्रति रक्षांसि सेधति ॥८॥

जाग जाग अय तीक्ष्ण अग्ने, मेरे मन में जाग।
भाग भाग अय पापवासना, मेरे मन से भाग॥

इति द्वितीया दशतिः (द्वादशः खण्डः)।

इत्याग्नेयं काण्डं पर्व वा।

इति प्रथमोऽध्यायः। इति प्रथमं पर्व।

अथ ऐन्द्रं काण्डम्

अथ द्वितीयोऽध्यायः

तद्वो गाय सुते सचा पुरुहूताय सत्वने। शं यद्गवे न शाकिने ॥१॥

गीत गाओ उसी इन्द्र का, जिसका इन्द्रियां पूजन करें।
आत्मा के यश से जो सदा, कल्याण सब का ही करें।
ज्ञान में भी, कर्म में भी, जो प्रभु सदा सुखदायक है।
जीवन भर के शुभ कामों का, वही हमारा नायक है॥

यस्ते नूनं शतक्रतविन्द्र द्युम्नितमो मदः। तेन नूनं मदे मदेः ॥२॥

हे चतुर शिल्पी कारीगर, तेरे ज्ञान से भरा आनन्द।
मुझ को भी दे दे ऐसा, कभी न होने पाए मन्द॥

गाव उप वदावटे मही यज्ञस्य रप्सुदा। उभा कर्णा हिरण्यया ॥३॥

तू अलौकिक बुद्धि वाला, प्रेरणा दे हम को सदा।
एकांत में मुझे शिक्षा देकर, यज्ञ को सुन्दर बना॥

अरमश्वाय गायत श्रुतकक्षारं गवे। अरमिन्द्रस्य धाम्ने ॥४॥

हे विज्ञानी, अन्तर्ज्ञानी,
तेरी है सुन्दर गति महान्।
करो स्तुति परम ज्योति की,
कण कण में उसकी शक्ति जान॥

तमिन्द्रं वाजयामसि महे वृत्राय हन्तवे। स वृषा वृषभो भुवत् ॥५॥

बड़ी बड़ी और काली काली, जो बाधाएँ ज्ञान को।
नष्ट करें हम सब उनको, पा शक्ति भगवान् की॥

त्वमिन्द्र बलादधि सहसो जात ओजसः। त्वं सन् वृषन् वृषेदसि ॥६॥

काट काट सारे शत्रुओं को, इन्द्र हुआ तेरा अवतार।
तेरे बल का क्या कहना, तू तो सब का बल दातार॥

यज्ञ इन्द्रमवर्धयद् यद्भूमिं व्यवर्तयत्। चक्राण ओपशं दिवि ॥७॥

ज्ञान कर्म ही मिलकर दोनों, बुद्धि को विकसाते हैं।
तब आत्मा में बल आता है, उत्तम पथ बतलाते हैं॥

यदिन्द्राहं यथा त्वमीशीय [illegible] एक इत्। स्तोता मे गोसखा स्यात् ॥८॥

हे इन्द्र मेरा मन यदि, गीत गाए इन्द्रियों के साथ ही।
शक्तिशाली मैं भी बनूं, हे इन्द्र तेरी भांति ही॥

पन्यं पन्यमित् सोतार आ [illegible] मद्याय। सोमं वीराय शूराय ॥९॥

आनन्दगंगा बह रही है, पान कर आनन्द लो।
वीरता और शूरता भी, पा रहो निर्द्वन्द्व हो॥

इदं वसो सुतमन्धः पिबा सुपूर्णमुदरम्। अनाभयिन् ररिमा ते ॥१०॥

हे इन्द्र परमानन्द का, पुनीत यह उपहार लो।
भेंट देते हैं वसु, हम, निर्भय इसे स्वीकार लो॥

इति तृतीया दशतिः (प्रथमः खण्डः)।

उद् घेदभि श्रुतामघं वृषभं नर्यापसम्। अस्तारमेषि सूर्य ॥१॥

जगमग करतीं तेरी किरणें, मन में ज्योति जगाती हैं।
अज्ञान अविद्या नाश करे, मन को ऊंचे ले जाती हैं।
पर उपकारी पर हितकारी, जन ही उसको पाता है।
ज्ञान धनी का ज्ञान बढ़ाकर, तू ऊंचा उसे उठाता है॥

यदद्य कच्च वृत्रहन्नुदगा अभि सूर्य। सर्वं तदिन्द्र [illegible] ॥२॥

तू ही करता उदय शक्ति को, तू उसमें आलोक भरे।
जीवन मम आलोकित करके, अंधकार का शोक हरे॥

य आनयत् परावतः सुनीती तुर्वशं यदुम्। इन्द्रः स नो युवा सखा ॥३॥

मेरा साथी तू है प्रभुवर, शुभ नीति का दाता है।
जो जो चलते कुपथ चाल से, उनको मार्ग बताता है॥

मा न इन्द्राभ्या३ दिशः सूरो अक्तुष्वा यमत्। त्वा युजा वनेम तत् ॥४॥

काम, क्रोध और लोभ शत्रु, सब फिरते चारों ओर हैं।
मेरे मन तुम उन को जीतो, जो इस नगरी के चोर हैं॥

एन्द्र सानसिं रयिं सजित्वानं सदासहम्। वर्षिष्ठमूतये भर ॥५॥

हे अनुपम हे अद्भुत प्रतिमे! भर [illegible] मेरे ज्ञान खजाने।
नाश करे जो उन अरियों का, करते जो हमले मनमाने॥
भर दे मुझ में इतना धीरज, डरूं न शत्रुभावों से।
जीत जीत कर आगे जाऊं, सारे ही प्रतिभावों से॥

इन्द्रं वयं महाधन इन्द्रमर्भे हवामहे । युजं वृत्रेषु वज्रिणम् ॥६॥

छोटे बड़े सभी झगड़ों को, जो पल भर में नाश करे ।
तुझे पुकारूं सुन्दर मन, तू दिव्य शक्ति प्रकाश करे ॥

अपिबत् कद्रुवः सुतमिन्द्रः सहस्रबाह्वे । तत्रादविष्ट पौंस्यम् ॥७॥

ज्ञान के रस को पीकर मेरी, मनीषा जगमग करती है ।
शुभ काम करे वह सभी तरह के, सुख से आगे बढ़ती है ॥

वयमिन्द्र त्वायवोऽभि प्र नोनुमो वृषन् । विद्धी त्वा३स्य नो वसो ॥८॥

हे स्वामी, हे अन्तर्यामी, सारा धन बल तेरा है ।
मेरे मन की भी तू जाने, सब कुछ अर्पण मेरा है ॥

आ घा ये अग्निमिन्धते स्तृणन्ति बर्हिरानुषक् । येषामिन्द्रो युवा सखा ॥९॥

जिनकी बुद्धि में ज्ञान भरा, वे संकल्प की आग जलाते हैं ।
दिव्य शक्तियों के स्वागत को, आसन सदा बिछाते हैं ॥

भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः । वसु स्पार्हं तदा भर ॥१०॥

दूर कर दे द्वेष सारे, हिंसकों का नाश कर ।
दिव्य मोहक आनन्द का, हे इन्द्र तू प्रकाश कर ॥

इति चतुर्थी दशतिः (द्वितीयः खण्डः) ।

इहेव शृण्व एषां कशा हस्तेषु यद्वदान् । नि यामञ्चित्रमृञ्जते ॥१॥

सुनता हूं वे जो कहती हैं, करता जो करवाती हैं ।
मेरी प्रेरक विचार शक्तियां, सारे नियम बताती हैं ॥

इम उ त्वा वि चक्षते सखाय इन्द्र सोमिनः । पुष्टावन्तो यथा पशुम् ॥२॥

हे इन्द्र हम तुझ को पुकारें, प्रेम से तुझ को निहारें ।
हाथ में ले मधुर वस्तु, स्वामी ज्यों पशु को पुकारें ॥

समस्य मन्यवे विशो विश्वा नमन्त कृष्टयः । समुद्रायेव सिन्धवः ॥३॥

सारी नदियाँ बहकर आतीं,
सागर में मिलती जातीं।
जो जन करते काम मनोहर,
तुझको कर अर्पण शांति आती ॥

देवानामिद्वो महत् तदा वृणीमहे वयम् । वृष्णामस्मभ्यमूतये ॥४॥

दिव्य तेरी शक्तियों की, हम नित्य करते कामना।
आगे बढ़ातीं, सुख दिलातीं, हम को उनकी चाहना ॥

सोमानां स्वरणं कृणुहि ब्रह्मणस्पते । कक्षीवन्तं य औशिजः ॥५॥

वेद वाणी के अधीश्वर, ऐसी कृपा कर दीजिए।
ज्ञानसाधक कुशल जन पर, आनन्द वर्षा कीजिए ॥

बोधन्मना इदस्तु नो वृत्रहा भूर्यासुतिः । शृणोतु शक्र आशिषम् ॥६॥

ज्ञान वाला चित्त ही, आनन्द का साधन करे।
कामना पाकर सभी, शक्ति से निज मन भरे ॥

अद्या नो देव सवितः प्रजावत् सावीः सौभगम् । परा दुःष्वप्न्यं सुव ॥७॥

दूर करके भाव काले, आलोक जीवन में धरें।
सौभाग्य सुख सन्तान से, हम सभी के घर भरें ॥

क्वाऽस्य वृषभो युवा तुविग्रीवो अनानतः । ब्रह्मा कस्तं सपर्यति ॥८॥

कहाँ वह इन्द्र राजा, जो वर्षा सदा सुख की करे।
रूप यौवन से भरा, वह कौन ज्ञानी जन तरे ॥

उपह्वरे गिरीणां सङ्गमे च नदीनाम् । धिया विप्रो अजायत ॥९॥

पर्वतस्थली में जिनके घर हैं,
नदियों के संगम पर रहते हैं।
ज्ञान भरें और सुकर्म करें,
मेधावी उन को कहते हैं।।

प्र सम्राजं चर्षणीनामिन्द्रं स्तोता नव्यं गीर्भिः । नरं नृषाहं मंहिष्ठम् ॥१०॥

कर्म करें शुभ ज्ञानी जन, उनका जो सम्राट् है ।
स्तुति करें हम उसी इन्द्र की, नेता जो विभ्राट् है ॥

इति पंचमी दशतिः (तृतीयः खण्डः) ।

द्वितीयप्रपाठके प्रथमश्चार्धः ॥

अपादु शिप्रयन्धसः सुदक्षस्य प्रहोषिणः । इन्दोरिन्द्रो यवाशिरः ॥१॥

शक्ति भक्ति जो धारण करके, निज सर्वस्व चढ़ाता है ।
सुखद सुसंस्कृत पावन, परमानन्द रसीला पाता है ॥

इमा उ त्वा पुरूवसोऽभि प्र नोनुवुर्गिरः । गावो वत्सं न धेनवः ॥२॥

रंग-रंग में रमने वाले, तुझ को मेरे गीत पुकारें ।
नई बनी गो माता जैसे, अपना प्यारा पुत्र दुलारें ॥

अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम् । इत्था चन्द्रमसो गृहे ॥३॥

चन्द्र के आलोक में हैं, सूर्य की किरणें समाईं ।
आनन्द छाया है वहीं, तेरा रूप देता है दिखाई ॥

यदिन्द्रो अनयद्रितो महीरपो वृषन्तमः । [illegible] पूषा भुवत् सचा ॥४॥

बड़े-बड़े कामों का नेता, आनन्द की वर्षा करता है ।
रोम-रोम में वासी बनकर, शक्ति सुधा को भरता है ॥

गौर्धयति मरुतां श्रवस्युर्माता मघोनाम् । युक्ता वह्नी रथानाम् ॥५॥

शुभ संकल्पों की माता, और अन्तर्मुख करने वाली ।
चिति शक्ति है जगाती [illegible] को, ज्ञानामृत भरने वाली ॥

[illegible] नो हरिभिः सुतं याहि मदानां पते । उप नो हरिभिः सुतम् ॥६॥

जितने [illegible] आनन्द अलौकिक, उन सब का तू स्वामी [illegible] ।
इन्द्रियों से जो ज्ञान है मिलता, उसका सहायक नामी [illegible] ॥

इष्टा होत्रा असृक्षतेन्द्रं वृधन्तो अध्वरे। अच्छावभृथमोजसा ॥७॥
तेरा जीवन यज्ञ बनाती, इन्द्रियां बलवान् हैं।
बुद्धि में आलोक लातीं, करती तेरा कल्याण है॥

अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रह। अहं सूर्य इवाजनि ॥८॥
बुद्धि ऐसी मिले मुझे, मैं ईश का सब ज्ञान पाऊँ।
सूर्य सम प्रेरक बनूं, जग में ज्योति जगमग जगाऊं॥

रेवतीर्नः सधमाद इन्द्रे सन्तु तुविवाजाः। क्षुमन्तो याभिर्मदेम ॥९॥
हे इन्द्र तेरे साथ मेरी, इन्द्रियां बलवान् हों।
तेरे अलौकिक आनंद से, सम्पन्न हों धनवान् हों॥

सोमः पूषा च चेततुर्विश्वासां सुक्षितीनाम्। देवत्रा रथ्योर्हिता ॥१०॥
मेरे अंग-अंग में रहता, मेरा मन आत्म-हितकारी।
आनन्द, विजय और पोषणकर्ता, वही सदा है सुखकारी॥

इति षष्ठी दशतिः (चतुर्थः खण्डः)।

पान्तमा वो अन्धस इन्द्रमभि प्र गायत। विश्वासाहं शतक्रतुं मंहिष्ठं चर्षणीनाम् ॥१॥
गीत गाओ उसी इन्द्र के, दिव्य आनन्द जो धरता है।
शुभ कामों में करे सहायता, दुष्टों का बल हरता है॥

प्र व इन्द्राय मादनं हर्यश्वाय गायत। सखायः सोमपाव्ने ॥२॥
शुभ काम को साथी बना, आनन्द के दर्शन करो।
मधुर रस का आत्मा में, सर्वदा वर्षण करो।
साथी! गाओ गीत मधुर, मन में जो आनंद भरे।
इन्द्रियों के साथ मिलकर, सोमरस से शक्ति भरे॥

वयमु त्वा तदिदर्था इन्द्र त्वायन्तः सखायः। कण्वा उक्थेभिर्जरन्ते ॥३॥
प्रकाशमय ज्ञानी प्रभो! तेरी प्रशंसा हम करें।
तेरे निकट आते हुए, तुझ को हृदय से हम वरें॥

इन्द्राय मद्वने सुतं परि ष्टोभन्तु नो गिरः । अर्कमर्चन्तु कारवः ॥४॥

आनन्द सरोवर में नहाईं, वाणियां जब जब बहें ।
कर्मयोग के कुशल साधक, सोमरस पाता रहें ॥

अयं त इन्द्र सोमो निपूतो अधि बर्हिषि । एहीमस्य द्रवा पिब ॥५॥

आनन्द गंगा बह रही है, हे इन्द्र नित तेरे लिए ।
अन्तःकरण से पान कर ले, देर इतनी किस लिए ॥

सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे । जुहूमसि द्यविद्यवि ॥६॥

मीठा दूध पिलाती गाय, उसको ही जो दोहन करता ।
दानी त्यागी वीरों का ही, घर ईश्वर है भरता ॥

अभि त्वा वृषभा सुते सुतं सृजामि पीतये । तृम्पा व्यश्नुही मदम् ॥७॥

प्राप्त हुआ आनन्द अलौकिक,
तेरे लिए किया तैयार ।
इसे पाकर तृप्ति पा ले,
भर दे सुख से सब संसार ॥

य इन्द्र चमसेष्वा सोमश्चमूषु ते सुतः । पिबेदस्य त्वमीशिषे ॥८॥

पान कर आनन्द तू, प्रभु ही शक्तिमान है ।
अन्न प्राण मन और ज्ञान का जो निधान है ॥

योगे योगे तवस्तरं वाजे वाजे हवामहे । सखाय इन्द्रमूतये ॥९॥

जब हम मिलकर साथी सारे, ज्ञान कर्म के पथ पर जाते ।
लेकर नाम उसी बली को, इन्द्र कहकर हम बुलाते ॥

आ त्वेता नि षीदतेन्द्रमभि प्र गायत । सखायः स्तोमवाहसः ॥१०॥

आओ भक्तो मिलकर बैठो, गीत उसी के गावें ।
यश गावें हम उसी इन्द्र के, जिस से वैभव पावें ॥

इति सप्तमो दशतिः (पञ्चमः खण्डः) ।

इदं ह्यन्वोजसा सुतं राधानां पते। पिबा त्वा३स्य गिर्वणः ॥१॥

घोर तप से बना हुआ यह, भक्ति रस का प्याला है।
पी ले इसको सिद्धिदाता, तू ही सुख देने वाला है॥

महाँ [illegible] पुरश्च नो महित्वमस्तु वज्रिणे। द्यौर्न प्रथिना शवः ॥२॥

गृणाना जमदग्निना योनावृतस्य सीदतम् । पातं सोममृतावृधा ॥५॥

हे मित्र हे वरुण सींचो, प्रकाश-पथ को तुम हमारे ।
दिव्यानन्द मधु व्यवहार से, भरे हों कर्म हमारे ॥
वरुण शक्तियां मित्र विनय से, हमें बढ़ाते हैं बलवान ।
शुभ कर्मों की करें प्रेरणा, बल के स्वामी हैं मतिमान ॥
शुभ संकल्पों वाले वर के, मन में मित्र वरुण ही रहते ।
सोम पान कर दिव्य शक्ति से, परम सत्य को कहते ॥

आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम्। एदं बर्हिः सदो मम ॥

आ त्वा ब्रह्मयुजा हरी वहतामिन्द्र केशिना। उप ब्रह्माणि नः शृणु ॥

ब्रह्माणस्त्वा युजा वयं सोमपामिन्द्र सोमिनः। सुतावन्तो हवामहे ॥६॥

हे इन्द्र आ तेरे लिए, आनन्दरस तैयार किया।
इसको पी उस मन [illegible] आ, जिसने तुझको प्यार किया ॥
तपस्वी नर की इन्द्रियां मन, तप का साधन करती हैं।
उन्नति पथ की ओर ले जातीं, वेदज्ञान तम हरती हैं ॥
ज्ञान भरे सुन्दर मन वाली, सोम का संचय करती [illegible]।
यही इन्द्रियां शुभ कर्मों से, इन्द्र को बुलाया करती हैं ॥

इन्द्राग्नी आ गतं सुतं गीर्भिर्नभो वरेण्यम्। अस्य पातं धियेषिता ॥

इन्द्राग्नी जरितुः सचा यज्ञो जिगाति चेतनः। अया पातमिमं सुतम् ॥

इन्द्रमग्निं कविच्छदा यज्ञस्य जूत्या वृणे। ता सोमस्येह तृम्पताम् ॥७॥

हे इन्द्र हे अग्नि शक्ति, परमानन्द रस पान करो।
भक्तिगीतों [illegible] जिसे बनाया, विचारशक्ति प्रदान करो ॥
विचारशक्ति से ही कवि ने, भक्ति गीत निर्माण किया।
उसी मनोहर रस को आकर, इन्द्र अग्नि ने पान किया ॥
हे इन्द्र हे अग्ने तुम से, [illegible] भाव को पाया है।
पान करो इस अमृत रस का, जो तुम [illegible] है ॥
मेधावी रक्षक इन्द्र अग्नि को, यज्ञभाव से अपनाऊँ।
दिव्य शक्तियां भर भर, परमानन्द रस पान कराऊँ ॥

इति द्वितीयः खण्डः।

उच्चा ते जातमन्धसो दिवि सद्भूम्या ददे। उग्रं शर्म महि श्रवः ॥

स न इन्द्राय यज्यवे वरुणाय मरुद्भ्यः। वरिवोवित् परि स्रव ॥

एना विश्वान्यर्य [illegible] द्युम्नानि मानुषाणाम्। सिषासन्तो वनामहे ॥८॥

हे सोम तेरे अन्न में, कल्याणकारी ज्ञान है।
उसको खा [illegible] पा रहा, जो अमृतरूप महान [illegible] ।।
[illegible] सोमरस तू बरस बरस, मेरे मन को ज्ञान दे।
चिति शक्ति जो ले सकती, उस ही घन का दान दे।।
उन्नति पथ [illegible] नेता सोम, ध्यान तेरा हम करते [illegible] ।
सोने जैसी वस्तु पाने को, गान तेरा हम करते [illegible] ।।

पुनानः सोम धारयापो वसानो अर्षसि।
आ रत्नधा योनिमृतस्य सीदस्युत्सो देवो हिरण्ययः।।
दुहान ऊधर्दिव्यं मधु प्रियं प्रत्नं सधस्थमासदत्।
आपृच्छ्यं धरुणं वाज्यर्षसि नृभिर्धौतो विचक्षणः।।९।।
हे सोम तेरी धाराएँ, सब कर्मों [illegible] रहती हैं।
सारी शोभाओं के संग, दिव्य सुखों से बहती [illegible] ।।
भक्त लोग हैं उसे बनाते, स्वयं प्रकट हो देव रहा।
शक्तिशाली मधु का साथी, सोम दिव्यता से दुहा।।

प्र [illegible] द्रव परि कोशं नि षीद नृभिः पुनानो अभि वाजमर्ष।
अश्वं न त्वा वाजिनं मर्जयन्तोऽच्छा बर्ही रशनाभिर्नयन्ति।।
स्वायुधः पवते देव इन्दुरशस्तिहा वृजना रक्षमाणः।
पिता देवानां जनिता सुदक्षो विष्टम्भो दिवो धरुणः पृथिव्याः।।
ऋषिर्विप्रः पुरएता जनानामृभुर्धीर उशना काव्येन।
स चिद्विवेद निहितं यदासामपीच्यां३ गुह्यं नाम गोनाम्।।१०।।
हे परमानन्द तू आगे बढ़कर, मेरे मन में आता जा।
भक्त जन ही तुझे साधते, उन के ऊपर छाता जा।।
शक्तिशाली घोड़े को जैसे, बांध काम करवाते [illegible] ।
ज्ञान शक्ति से तुझे शुद्ध कर, संयम से अंदर लाते हैं।।
दिव्य गुणों का दाता, इन्द्र ही पालन करता है।
विघ्नविनाशक ज्योतिवाला, साधन में पावनता भरता है।।
इन्द्रियों के ऊपर ज्ञानी, नेता धीर मनस्वी होता है।
वही वेदवाणी का ज्ञाता, अज्ञान अंधेरा खोता है।।

इति तृतीयः खण्डः।

अभि त्वा शूर नोनुमोऽदुग्धा इव धेनवः।
ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः॥
न त्वावाँ अन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते।
अश्वायन्तो मघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यन्तस्त्वा हवामहे॥११॥
बिना दुहाई गउएँ जैसे बछड़े के ढिंग गमन करें।
सबके ज्ञाता सबके दर्शक, तुझको हो हम वरण करें॥
इन्द्र [illegible] ईश अनुपम, तू दिव्य, भौतिक से परे।
[illegible] ज्ञानसाधक, इन्द्रिय जय को, तेरा आह्वान करें॥

[illegible] नश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥
कस्त्वा सत्यो मदानां मंहिष्ठो मत्सदन्धसः। दृढा चिदारुजे वसु॥
अभी षु [illegible] सखीनामविता जरितृणाम्। शतं भवास्यूतये॥१२॥
किस ज्ञान और वैराग्य से, अग्नि मेरा सहयोग दे।
कौन रक्षा शक्ति बल से, हमारी उन्नति में योग दे॥
इन्द्र को प्रसन्न करता, कौन सत्यानन्द है।
आनन्द पाने के लिए, कौन धन उत्तम अमन्द है॥
[illegible] इन्द्र है तू मित्र हमारा, भक्तों की रक्षा करता है।
उन्नति पथ को ले जाने को, [illegible] शत रूप तू धरता है॥

तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः।
अभि वत्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रं गीर्भिर्नवामहे॥
द्युक्षं सुदानुं तविषीभिरावृतं गिरिं न पुरुभोजसम्।
क्षुमन्तं वाजं शतिनं सहस्रिणं मक्षू गोमन्तमीमहे॥१३॥
उस सुन्दर शत्रुनाशक को, स्तुति गीतों से बुलाते [illegible]।
गौएँ जैसे बछड़े को पातीं, हम ज्ञान मस्त को पाते [illegible]॥
हम चाहे सुख सम्पत्ति, जो दिव्य गुणों का दान करे।
गो आदि सम पालन करती आश्रय दे बलवान करे॥

तरोभिर्वो विदद्वसुमिन्द्रं सबाध ऊतये।
बृहद्गायन्तः सुतसोमे अध्वरे हुवे भरं न कारिणम्॥
न यं दुध्रा वरन्ते न स्थिरा मुरो मदेषु शिप्रमन्धसः।
य आदृत्या शशमानाय सुन्वते दाता जरित्र उक्थ्यम्॥१४॥

यज्ञ परमानन्द हित में, जो विघ्नकारी आएगा।
उस ■ इन्द्र बचाएगा, जो गीत प्रभु के गाएगा॥
ज्ञान ज्योति से चमकता, इन्द्र तम से दूर है।
भक्त हृदय का अज्ञान हर के, ज्ञान देता पूर है॥

इति चतुर्थ खण्डः ।

स्वादिष्ठया मदिष्ठया पवस्व सोम धारया । इन्द्राय पातवे सुतः ॥
रक्षोहा विश्वचर्षणिरभि योनिमयोहते । द्रोणे सधस्थमासदत् ॥
वरिवोधातमो भुवो मंहिष्ठो वृत्रहन्तमः । पर्षि राधो मघोनाम् ॥१५॥

हे सोम परमानन्द रस की, तू सदा धारा बहा।
इन्द्रहित तुझ को बताया, पान तू ■■ को करा॥
विघ्ननाशक दूरदर्शी सोम, मूल को नहीं त्यागता।
शुभकर्म वाले घर में बसा, इन्द्र को है भागता॥
हे इन्द्र वरणे योग्य तू ही, ज्ञान धन का सार है।
कामादि राक्षस नाश कर, धनशील धन आधार ■ ।

पवस्व मधुमत्तम इन्द्राय सोम क्रतुवित्तमो मदः । महि द्युक्षतमो मदः ॥
यस्य ते पीत्वा वृषभो वृषायतेऽस्य पीत्वा स्वर्विदः ।
■ सुप्रकेतो अभ्यक्रमीदिषोऽच्छा वाजं नैतशः ॥१६॥

ज्ञान कर्म को शक्ति वाले, परमानन्द तू आता जा।
महान तेजस्वी शक्ति वाले, शक्ति को बरसाता जा॥
परम सुखदाता तुझ को पीकर, शक्तिवाला शक्ति बढ़ाता।
वह ज्ञानी बन अश्व वेग सम, इष्ट लाभ करता जाता॥

इन्द्रमच्छ सुता इमे वृषणं यन्तु हरयः ।
श्रुष्टे जातास इन्दवः स्वर्विदः ॥
अयं भराय सानसिरिन्द्राय पवते सुतः ।
सोमो जैत्रस्य चेतति यथा विदे ॥
अस्येदिन्द्रो मदेष्वा ग्राभं गृभ्णाति सानसिम् ।
वज्रं च वृषणं भरत् समप्सुजित् ॥१७॥

कल्याण हित उत्पन्न हुआ, सुख का दिलाने वाला।
सोम इन्द्र को है मिला, मनहर कहाने वाला ॥
सब का पालन करने को, इन्द्र के हित सोम बनता।
सत्य ज्ञान का देने वाला, विजयी भक्त [illegible] ज्योति तनता ॥
परमानन्द का लाभ लेने, इन्द्र सोम को साथ लेता।
ज्ञान क्रिया विश्वास शक्ति, [illegible] ले सुख सोम देता ॥

पुरोजिती वो अन्धसः सुताय मादयित्नवे।
अप श्वानं श्नथिष्टन सखायो दीर्घजिह्वयम् ॥
यो धारया पावकया परिप्रस्यन्दते सुतः। इन्दुरश्वो न कृत्व्यः ॥
तं दुरोषमभी नरः सोमं विश्वाच्या धिया।
यज्ञाय सन्त्वद्रयः ॥१८॥
मेरे विचारों में अन्नमय, जीवन विजय का देने हारा।
लोभ का कर नाश बचाओ, सोम के आनन्द द्वारा ॥
कुत्ता जीभ दिखाकर जैसे, घर घर शोर मचाता है।
ऐसे लोभ को मार भगाओ, तब विजय सोम से पाता [illegible] ॥
परमानन्द से सिद्ध किया जो, पावन झर-झर झरता है।
शीघ्र गति घोड़े जैसा, विजय लाभ वह करता है ॥
विश्वव्यापी बुद्धि पा जो, पावन यज्ञ भावों से भरा।
सोम को वह भक्त पाता, जो उदार पर्वत सम खड़ा ॥

अभि प्रियाणि पवते चनोहितो नामानि यह्वो अधि येषु वर्धते।
आ सूर्यस्य बृहतो बृहन्नधि रथं विष्वञ्चमरुहद्विचक्षणः ॥
ऋतस्य जिह्वा पवते मधु प्रियं वक्ता पतिर्धियो अस्या [illegible]।
दधाति पुत्रः पित्रोरपीच्यां३ नाम तृतीयमधि रोचनं दिवः ॥
अव द्युतानः कलशाँ अचिक्रदन्नृभिर्येमानः कोश आ हिरण्यये।
अभी ऋतस्य दोहना अनूषताधि त्रिपृष्ठ उषसो वि राजसि ॥१९॥
अन्न की संजीवनी शक्ति वाला, सोम जिन से आगे जाता।
उन्हीं रूपों में दर्शन देकर, सूर्य-रथ [illegible] स्थान पाता ॥
परम सत्य से मधु पाता है, इस का पालक सब का स्वामी।
सोम उस से जन्म पाकर, कांति लोक का बनता गामी ॥

यह चमकता सोम गाता, भक्त हृदय में समाता।
परम सत्य हित प्रण, [illegible] में भक्त गीत गोता ॥

इति पञ्चमः खण्डः।

यज्ञायज्ञा वो अग्नये गिरागिरा च दक्षसे।
[illegible] वयममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न शंसिषम् ॥
ऊर्जो नपातं स हिनायमस्मयुर्दाशेम हव्यदातये।
भुवद्वाजेष्वविता भुवद्वृध उत त्राता तनूनाम् ॥२०॥
यज्ञ अग्नि के लिए हो, स्तुति गीत उस का बल बढ़ायें।
हम अमर सर्वज्ञ प्रभु को, अपना प्यारा मित्र बनायें॥
बल को कभी न घटने देता, हम सब का सदा हितकारी।
उस अग्नि के सब कुछ अर्पण, जो संघर्षों में रक्षाकारो॥

एह्यू षु ब्रवाणि तेऽग्न इत्थेतरा गिरः। एभिर्वर्धास इन्दुभिः॥
यत्र [illegible] च ते मनो दक्षं [illegible] उत्तरम्। तत्र योनिं [illegible]णवसे॥
न हि ते पूर्तमक्षिपद्भुवन्नेमानां पते। अथा दुवो वनवसे ॥२१॥
हे नेता तेरे स्वागत के, सुन्दर गीत सदा मैं गाती।
आता है तू मधुर वचन से, उन से ही हूं तुझे बुलाती॥
हे अग्ने यह मन की शक्ति, जब साधक को बढ़ जाती।
रहता है तू वहीं जहां, संकल्प-शक्ति दृढ़ हो जाती॥
हे इन्द्र तू पूर्ण बना, इन अंगों को कमी हटाता।
मन शक्ति विकसित करने, वाले साधक को अपनाता॥

वयमु त्वामपूर्व्य स्थूरं न कच्चिद्भरन्तोऽवस्यवः।
वज्रिञ्चित्रं हवामहे ॥
उप [illegible] कर्मन्नूतये स नो युवोग्रश्चक्राम यो धृषत्।
त्वामिध्यवितारं ववृमहे सखाय इन्द्र सानसिम् ॥२२॥
हे अद्भुत हे शक्तिशाली, इन्द्र तुम्हें हम गाते हैं।
बैल पालता कोई जसे, रक्षा हित तव [illegible] गाते हैं॥
तू अजर, तू वीर्यशाली, दुर्भावना का नाशकारी।
हम मित्र तेरी रक्षा को, बनते उन्नति हित कर्मकारी॥

अधा हीन्द्र गिर्वण उप त्वा काम ईमहे ससृग्महे ।
उदेव ग्मन्त उदभिः ॥
वार्ण त्वा यव्याभिर्वर्धन्ति शूर ब्रह्माणि ।
वावृध्वांसं चिदद्रिवो दिवेदिवे ॥
युञ्जन्ति हरी इषिरस्य गाथयोरौ रथ उरुयुगे वचोयुजा ।
इन्द्रवाहा स्वर्विदा ॥२३॥
पानी मिलता ज्यों पानी में, हम तुझ में होवें लीन ।
तू ही लक्ष्य मनोहर सब का, तुझ में बसें ज्यों जलमीन ॥
तुझ को गाते प्रेम बढ़ाते, ब्रह्मज्ञान से तुझ को पायें ।
नदियां सागर में मिल जातीं, हम तुझ में मिल जायें ॥
इन्द्र बैठता देहगाड़ी पर, ज्ञान कर्म घोड़ों के साथ ।
ईशस्तुति से शक्ति पाकर, परमानन्द का ले हाथ ॥
ज्ञान कर्म के घोड़ों वाले, रथ को इन्द्र चलाता है ।
ईशस्तुति से मस्ती पाकर, परमानन्द रस पाता है ।

इति षष्ठः खण्डः । इति प्रथमोऽर्धः ॥

अथ द्वितीयोऽर्धः ।

पान्तमा वो अन्धस इन्द्रमभि प्र गायत ।
विश्वासाहं शतक्रतुं मंहिष्ठं चर्षणीनाम् ॥
पुरुहूतं पुरुष्टुतं गाथान्या३ं सनश्रुतम् । इन्द्र इति ब्रवीतन ॥
इन्द्र इन्नो महोनां दाता वाजानां नृतुः । महाँ अभिज्ञ्वा यमत् ॥१॥
हे नरो दिव्यानन्द भोगो, इन्द्र के तुम गीत गाओ ।
पूजनीय कर्मकर्ता राजा की प्रजा तुम बन जाओ ॥
इन्द्रियाँ भी जिस को गातीं, और बुलाती हैं सदा ।
जो हमारे शब्द सुनता, उसी को इन्द्र गाती हैं सदा ॥
इन्द्र ही महान् है, इन्द्र शक्ति दान करता ।
सब को चलाता, सर्वज्ञाता सभी पर राज करता ॥

प्र व इन्द्राय मादनं हर्यश्वाय गायत । सखायः सोमपाव्ने ॥
शंसेदुक्थं सुदानव उत द्युक्षं यथा नरः । चकृमा सत्यराधसे ॥
त्वं न इन्द्र वाजयुस्त्वं गव्युः शतक्रतो । त्वं हिरण्ययुर्वसो ॥२॥

साथियो उस सोम के, आनन्ददायी गान गाओ ।
अंग सारे जिसके साधन, उस आत्मा के पास जाओ ।।
श्रेष्ठ दानी की स्तुति से, श्रेष्ठ धन का लाभ होता ।
उस सत्य धन इन्द्र से हो, सत्य धन का लाभ होता ।।
हे इन्द्र तू ही ज्ञान प्रदाता, सारे काम बनाता है ।
सुन्दर सुख ऐश्वर्य का दानी, सब में आलोक फैलाता है ।।

वयमु त्वा तदिदर्था इन्द्र त्वायन्तः सखायः ।
कण्वा उक्थेभिर्जरन्ते ।।
न घेमन्यदा पपन वज्रिन्नपसो नविष्टौ । तवेदु स्तोमैश्चिकेत ।।
इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति ।
यन्ति प्रमादमतन्द्राः ।।३।।
हे ज्योति वाली बुद्धि, तुझ को पाने का यत्न करें ।
स्तुति भरे सुन्दर गीतों से, नित नित तेरा स्तवन करें ।।
शुभ काम के प्रारम्भ में, हे इन्द्र तुझ को मैं बुलाता ।
तेरे प्रशंसा गीत गाकर, मैं तुझे पहिचान पाता ।।

इन्द्राय मद्वने सुतं परि ष्टोभन्तु नो गिरः । अर्कमर्चन्तु कारवः ।।
यस्मिन् विश्वा अधि श्रियो रणन्ति सप्त संसदः ।
इन्द्रं सुते हवामहे ।।
त्रिकद्रुकेषु चेतनं देवासो यज्ञमत्नत । तमिद्वर्धन्तु नो गिरः ।।४।।
आनन्द में भर अंग मेरे, इन्द्र सम्मुख गीत गायें ।
लक्ष्य को जो सिद्ध करते, सरस सोम वे ही पायें ।।
सात छेद में रहने वाली, इन्द्रियों का सुखदाता है ।
योद्धा यश में ऋतंभरा पा के, इन्द्र के गुण गाता है ।।
जब अलौकिक अंग बनते, ज्ञान यश का यजन करें ।
उसी यज्ञ में मिलकर सारे, उसी प्रभु का भजन करें ।।

इति प्रथमः खण्डः ।

अयं त इन्द्र सोमो निपूतो अधि बर्हिषि । एहीमस्य द्रवा पिब ।।
शाचिगो शाचिपूजनायं रणाय ते सुतः । आखण्डल प्र हूयसे ।।
यस्ते शृङ्गवृषो णपात् प्रणपात् कुण्डपाय्यः ।
न्यस्मिन् दध्र आ मनः ।।५।।

हे इन्द्र आकर पान कर ले, दिव्यानन्द तेरा भाग है।
अन्तःकरण में जन्म पाया, इसमें तेरा अनुराग है॥
विचार शक्ति तुझ को पाती तू पूज्य माना जा रहा।
अज्ञानहारी परमानन्द पीने, तुझ को बुलाया जा रहा॥
सब से उत्तम वर्षा करता, तुझे न गिरने देता।
उसको मन से पी ले स्वामी, जिस में तू रुचि लेता॥

आ तू न इन्द्र क्षुमन्तं चित्रं ग्राभं सं गृभाय।
महाहस्ती दक्षिणेन॥
विद्मा हि त्वा तुविकूर्मि तुविदेष्णं तुवीमघम्। तुविमात्रमवोभिः॥
न हि त्वा शूर देवा न मर्तासो दित्सन्तम्।
भीमं न गां वारयन्ते॥६॥
हे ज्ञान और ऐश्वर्यदाता, तू हमारा साथ दे।
रक्षा हमारी के लिए, तू अपना शक्ति हाथ दे॥
वह भयानक सांड जैसे, उथल-पुथल कर नाश करता।
इन्द्र तू दुर्जय बना, दुर्भावना का नाश करता॥
तेरा भयंकर रूप लख, कम्पित सभी संसार है।
तेरे सम्मुख नर क्यों टिके, देव भी लाचार है॥

अभि [illegible] वृषभा सुते सुतं सृजामि पीतये। तृम्पा व्यश्नुही मदम्॥
मा त्वा मूरा अविष्यवो मोपहस्वान आ दभन्।
मा कीं ब्रह्मद्विषं [illegible]॥
इह त्वा गोपरीणसं महे मन्दन्तु राधसे।
सरो गौरो यथा पिब॥७॥
हे सुखवर्षक दिव्यानन्द को, तेरे लिए बनाता हूं।
इस को पोकर मस्त रहो, हे आत्म तुझे बुलाता हूं॥
भोग विलासी तुझे न जानें, तेरा नाश [illegible] कर पायें।
ज्ञान शत्रु तेरी सेवा का, अवसर कभी न ले पायें॥
सब अंगों में रहता [illegible] तू, ऐश्वर्य आनन्द का दान करें।
गोरा हिरण सरोवर पर पीता, तू आनन्द-रस पान करे॥

इदं वसो सुतमन्धः पिबा सुपूर्णमुदरम्। अनाभयिन् ररिमा ते॥
नृभिर्धौतः सुतो अश्नैरव्या वारैः परिपूतः।
अश्वो [illegible] निक्तो नदीषु॥

तं ते यवं यथा गोभिः स्वादुमकर्म श्रीणन्तः ।
इन्द्र त्वास्मिन्त्सधमादे ॥८॥

हे इन्द्र बसाने वाला तू है, परमानन्द रस हुआ तैयार ।
तू निर्भय है तेरे पीने को, देते हैं इसका उपहार ॥
योग शक्तियों से निकला है, ज्ञान भावना ने धोया ।
आत्म ज्योति से दान इसी का, तम प्रमाद है खोया ॥
अब यह काम की शक्ति देगा, इसका निर्मल रूप है ।
नदी नहाए सुन्दर घोड़े सा, आत्म नगर का भूप है ॥
जौ में हम ने दूध मिलाया, इस को स्वादु बनाया है ।
ज्ञान रसों में तेरे सोम को, हम ने इन्द्र पकाया है ॥

इति द्वितीयः खण्डः ।

इदं ह्यन्वोजसा सुतं राधानां पते । पिबा त्वा३स्य गिर्वणः ॥
यस्ते अनु स्वधामसत् सुते नि यच्छ तन्वम् ।
स त्वा ममत्तु सोम्य ॥
प्र ते अश्नोतु कुक्ष्योः प्रेन्द्र ब्रह्मणा शिरः ।
प्र बाहू शूर राधसा ॥९॥

दिव्य रस हम ने बनाया, हे पूज्य तप और जाप से ।
आप स्वामी सिद्धियों के, कह रहे हम आप से ॥
हे इन्द्र तू है लीन, यज्ञीय परमानन्द में ।
पात्र हो तुम अमर रस के, बना ज्ञान अमन्द से ॥
ज्ञान कर्म तुझे आनन्द दें, हे इन्द्र दोनों ओर से ।
ब्रह्मज्ञान सिर में रहे, ऐश्वर्य करों की कोर से ॥
दिव्यानन्द जो भोगता. अपने पावन ज्ञान से ।
कर्म उसको मदमस्त करता, आनन्द के अनुदान से ॥

आ त्वेता नि षीदतेन्द्रमभि प्र गायत । सखाय स्तोमवाहसः ॥
पुरूतमं पुरूणामीशानं वार्याणाम् । इन्द्र सोमे सचा सुते ॥
स घा नो योग आ भुवत् स राये स पुरन्ध्या ।
गमद् वाजेभिरा स नः ॥१०॥

आओ भक्तो मिल कर बैठें, गुण गावें उस ईश के।
सुख सम्पत्ति के देने वाले, तमहारो जगदीश के ॥
सब धनियों में बड़ा धनी, दुष्ट [illegible] का नाश करे।
उसी इन्द्र को सोम मिले, जो बुद्धि प्रकाश करे ॥
उसी इन्द्र से ज्ञान मिले, दान भाव से धन लावें।
वही शरीर को शक्ति देता, सारे बल उस से पावें ॥

योगेयोगे तवस्तरं वाजेवाजे हवामहे। सखाय इन्द्रमूतये ॥
अनु प्रत्नस्यौकसो हुवे तुविप्रति नरम्। यं ते पूर्वं पिता हुवे ॥
आ घा गमद्यदि श्रवत्सहस्रिणीभिरूतिभिः।
वाजेभिरुप नो हवम् ॥११॥
जीवन पथ पर आगे बढ़ने, जब मिल कर जाते हैं।
ज्ञान शक्ति को [illegible] चाहे, इन्द्र बली को हम बुलाते [illegible] ॥
सदा सदा सत्य रूप तक, जो इन्द्र हमें पहुंचाता है।
उसी इन्द्र को सदा पुकारूं, हम से पहलों का त्राता है ॥
इन्द्र हमारी पुकार सुने, निकट हमारे आ जाए।
अपनी हजारों शक्ति लेकर, ज्ञान मेघ सा छाए ॥
हे साधक तू निर्भय होगा, भय न तुझे सताएगा।
मन अपना बलवान बना ले, सबसे आगे आएगा ॥

इन्द्र सुतेषु सोमेषु क्रतुं पुनीष उक्थ्यम्।
विदे वृधस्य [illegible] महाँ हि षः ॥
स प्रथमे व्योमनि देवानां सदने वृधः।
सुपारः सुश्रवस्तमः समप्सुजित् ॥
तमु हुवे वाजसातय इन्द्रं भराय शुष्मिणम्।
भवा नः सुम्ने [illegible] सखा वृधे ॥१२॥
हे इन्द्र तू सिद्ध, परमानन्द से ज्ञान लेता छान है।
ज्ञान सम्पत्ति दान करता, जो प्रशंसनीय महान [illegible] ॥
वह श्रेष्ठ इन्द्र दिव्यशक्तियों में, शक्ति बल दिखलाता।
दुःखसागर से पार करा, यश ज्ञान कर्म में सफल बनाता ॥
मैं पुकारूं उसी इन्द्र को, उस से ज्ञान बल पाऊँ।
अपने सुख और उन्नति पथ में, उसको अपना मित्र बनाऊँ ॥

इति तृतीयः खण्डः।

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे ।
प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम् ।।
स योजते अरुषा विश्वभोजसा स दुद्रवत् स्वाहुतः ।
सुब्रह्मा यज्ञः सुशमी वसूनां देवं राधो जनानाम् ।।१३।।
अपना आपा अर्पण करके, अग्निरूप प्रभु को ध्याऊँ ।
विश्वदूत प्रिय अमर चेतन को, अपने शुभ कर्मों में पाऊँ ।।
प्रभु अग्नि सब भोग पदार्थ, शक्ति से दिलवाता ।
सच्चे मन से उसे बुलाऊँ, तो वह दया दिखाता ।।
उत्तम ज्ञान का देने वाला, ज्ञानी हमें बनाएगा ।
अपने भक्तों मित्रों को, सुख सम्पत्ति दिलवाएगा ।।

प्रत्यु अदर्श्यायत्यू३च्छन्ती दुहिता दिवः ।
अपो मही वृणुते चक्षुषा तमो ज्योतिष्कृणोति सूनरी ।।
उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचा उद्यन्नक्षत्रमर्चिवत् ।
तवेदुषो व्युषि सूर्यस्य च सं भक्तेन गमेमहि ।।१४।।
प्रकाश लोक से आकर, चेतना अन्धकार को काट रही ।
प्रकाश फैला कर चारों ओर, नेत्री बन तम को छांट रही ।।
तेजभरा भानु जब नभ से, ज्ञान प्रकाश फैलाता है ।
किरणें संग ज्ञान शक्ति से, प्रेरक कर्म कराता है ।।

इमा उ वां दिविष्टय उस्रा हवन्ते अश्विना ।
अयं वामह्वेऽवसे शचीवसू विशंविशं हि गच्छथः ।।
युवं चित्रं ददथुर्भोजनं नरा चोदेथां सूनृतावते ।
अर्वाग्रथं समनसा नि यच्छतं पिबतं सोम्यं मधु ।।१५।।
अश्वियो ज्ञान की जगती किरण, तुम्हारा करती आवाहन ।
तुम हो रक्षक स्तुति करूँ मैं करते तुम शक्ति का दान ।।
हे वीर नेता अश्वियो, तुम भोगों के धारक हो ।
परमानन्द को भोगो प्यारे, मेरे जीवन के चालक हो ।।

इति चतुर्थः खण्डः ।

[illegible] प्रत्नामनु द्युतं शुक्रं [illegible] अद्रुहः । पयः सहस्रसामृषिम् ।।
अयं सूर्य इवोपदृगयं सरांसि धावति । सप्त प्रवत आ दिवम् ।।

अयं विश्वानि तिष्ठति पुनानो भुवनोपरि ।
सोमो देवो न सूर्यः ॥१६॥
सोम कांति से आकर्षित, भक्त जन हो जाते रहे ।
दृढ़ चित्त हो शक्तिशाली, सद् ज्ञान को पाते रहे ॥
सूर्य सम सोम दर्शक, हमारे हृदय सर में आ रहा ।
मानों हमारी इन्द्रियों को, आलोक पथ दिखला रहा ॥
यह दिव्य देखो सोम, रवि सम चमचमाता आ रहा ।
लोक लोकान्तर का बन के शासक, शीघ्र बढ़ता जा रहा ॥

एष प्रत्नेन जन्मना देवो देवेभ्यः सुतः । हरिः पवित्रे अर्षति ॥
एष प्रत्नेन मन्मना देवो देवेभ्यस्परि । कविर्विप्रेण वावृधे ॥
दुहानः प्रत्नमित्पयः पवित्रे परि षिच्यसे ।
[illegible] देवाँ अजीजनः ॥१७॥
सदा [illegible] यह दिव्य मनोहर, प्रकाशरूप दिखा रहा ।
इन्द्रियों [illegible] प्रकट होकर, शुद्ध मन में आ रहा ॥
मनन शक्ति से दिव्य सोम, अंगों में छा जाता है ।
कर्मकारिणी मनीषा से, नित नित बढ़ता जाता है ॥
हे सोम सदा तू ज्ञान दुग्ध से, अन्तःकरण को तरल करे ।
सारे जग के काम करा के, जीवन पथ को सरल करे ॥

उप शिक्षापतस्थुषो भियसमा धेहि शत्रवे । पवमान विदा रयिम् ॥
उपो षु जातमप्तुरं गोभिर्भङ्गं परिष्कृतम् ।
[illegible] देवा अयासिषुः ॥
उपास्मै [illegible] नरः पवमानायेन्दवे । अभि देवाँ इयक्षते ॥१८॥
हे पवित्र सोम [illegible] पतितों को ऊपर ले जाता ।
द्वेषभाव को दूर भगा, ऐश्वर्य हमें है दिलवाता ॥
सुन्दर रची कर्म की कर्ता स्तुतियों का जब गान किया ।
दिव्य इन्द्रियों ने मेरी, तब परमानन्द का पान किया ॥
हे वीरो तुम पान करो, इस बहती रस की धारा का ।
त्याग भाव को शिक्षा देकर, गुण गाती प्राणधारा का ॥

इति पञ्चमः खण्डः ।

प्र सोमासो विपश्चितोऽपो नयन्त ऊर्मयः। वनानि महिषा इव ॥
अभि द्रोणानि बभ्रवः शुक्रा ऋतस्य धारया।
वाजं गोमन्तमक्षरन् ॥
सुता इन्द्राय वायवे वरुणाय मरुद्भ्यः।
सोमा अर्षन्तु विष्णवे ॥१६॥

बड़े बड़े वाहन जैसे, खाना पीना सब को देते।
ज्ञान भरी आनन्द लहर से, सभी काम हम कर लेते॥
कुछ कुछ धूमिल परम सत्य को, सोम की धारा बहती है।
शोभाशाली इन्द्रियों में, ज्ञान की आभा छा रहती है॥
भक्त अपनी साधना से, सोम का जब पान करता।
इन्द्र वायु वरुण, विष्णु, मरुत् शक्ति दान करता॥

प्र सोम देववीतये सिन्धुर्न पिप्ये अर्णसा।
अंशोः पयसा मदिरो न जागृविरच्छा कोशं मधुश्चुतम् ॥
आ हर्यतो अर्जुनो अत्के अव्यत प्रियः सूनुर्न मर्ज्यः।
तमीं हिन्वन्त्यपसो यथा रथं नदीष्वा गभस्त्योः ॥२०॥

हे सोम सागर है भरता, दिव्य गुण पाने को।
सोमपायी भक्त है तत्पर, परमानन्द रस लाने को॥
वह पवित्र सोम सुन मम, पालने से ही बढ़े।
साधकों पर ज्ञान लहरें, कर्म प्रेरक हो चढ़ें॥

प्र सोमासो मदच्युतः श्रवसे नो मघोनाम्। सुता विदथे अक्रमुः ॥
आदीं हंसो यथा गणं विश्वस्यावीवशन्मतिम्।
अत्यो न गोभिरज्यते ॥
आदीं त्रितस्य योषणो हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः।
इन्दुमिन्द्राय पीतये ॥२१॥

ज्ञान यज्ञ में सिद्ध किया रस, परमानन्द बहाता है!
ऐश्वर्यशाली सारे जनों को, ज्ञान का धन पहुंचाता है॥
सोम सब का प्राण बनकर, ज्ञानसाधन में बसा है।
शीघ्रगामी घोड़े सम, इन्द्रियों में भी रमा है॥
इन्द्र के हित इस रस को, भक्त परम सत्य से पाते हैं।
साधन सदा पक्के हैं उनके, जो तीन लोक दर्शाते हैं॥

परम सत्य तीनों लोकों का, [illegible] से आनन्द रस आता।
प्रेमी दृढ़ साधन वाला, उसे इन्द्र के हित [illegible] लाता ॥

अया पवस्व देवयू रेभन् पवित्रं पर्येषि विश्वतः।
मधोर्धारा असृक्षत ॥
पवते हर्यतो हरिरति ह्वरांसि रंह्या।
अभ्यर्ष स्तोतृभ्यो वीरवद्यशः ॥
प्र सुन्वानायान्धसो मर्तो न वष्ट तद्वचः।
अप श्वानमराधसं हता मखं न भृगवः ॥२२॥
दिव्य गुणों के स्वामी सोम, मधुर रसधारा बन के आ।
अनाहत ध्वनि को गुंजाता, हृदयघट में छन के आ ॥
मेरा प्यारा सुन्दर सोम, पाप ताप का नाश करे।
भक्तजनों को वीर मानकर, सच्चा यश प्रकाश करे ॥
अनाहत सोम का रस वाणी, संजीवन तत्त्व बनाती है।
कुत्ता-वृत्ति दूर भगा कर, त्यागभाव सिखलाती है ॥
हे भक्तो तुम दूर भगाओ कुत्ते सम लालच भावों को।
प्राप्त करो तुम सोम से उत्पन्न, त्यागभरे सद् भावों को ॥

इति द्वितीयोऽर्धः।

इति प्रथमः प्रपाठकः।

अथ द्वितीयः प्रपाठकः

(प्रथमोऽर्धः)

पवस्व वाचो अग्रियः सोम चित्राभिरूतिभिः।
अभि विश्वानि काव्या ॥
त्वं समुद्रिया अपोऽग्रियो वाच ईरयन्। पवस्व विश्वचर्षणे ॥
तुभ्येमा भुवना कवे महिम्ने सोम तस्थिरे।
तुभ्यं धावन्ति धेनवः ॥१॥
हे सोम रक्षा शक्तिवाली, वाणी का प्रचार कर।
कांति भरी रचनाओं से, साहित्य का भण्डार भर ॥
सब को दिखाने वाले, वाणियों में ओज भर दे।
श्रेष्ठ कर्मों के लिए, श्रेष्ठ ग्रन्थ प्रकाश कर दे ॥
हे सोम तेरी शक्ति से ही, भुवन खड़े आकाश में।
तेरी महिमा ला रही है, दौड़ नदियाँ प्रकाश में ॥

पवस्वेन्दो वृषा सुतः कृधी नो यशसो जने।
विश्वा अप द्विषो जहि ॥
[illegible] ते सख्ये वयं सासह्याम पृतन्यतः। तवेन्दो द्युम्न उत्तमे ॥
या ते भीमान्यायुधा तिग्मानि सन्ति धूर्वणे।
रक्षा समस्य नो निदः ॥२॥
हे वर्षक तू यश दे हम को, इस सारे संसार में।
द्वेष भाव को दूर भगा कर, लगें प्रेम-प्रसार में ॥
आनन्ददाता सोम तेरी, मित्रता हम को मिले।
जीत लें आक्रमणकारी, उत्तम बल से हम खिलें ॥
तू भयंकर शस्त्र वाला, अस्त्र तेरे बलवान हैं।
समाज रिपुओं से बचाओ, तू समर्थ भगवान [illegible] ॥

वृषा सोम द्युमाँ असि वृषा देव वृषव्रतः। वृषा धर्माणि दध्रिषे ॥
वृष्णस्ते वृष्ण्यं शवो वृषा वनं वृषा सुतः। स त्वं वृषन् वृषेदसि ॥

अश्वो न चक्रदो वृषा सं गा इन्दो समर्वतः ।
वि नो राये दुरो वृधि ॥३॥
परमानन्द के देने वाले तू ही सुख बरसाता है ।
तू चमकीला सुन्दर बादल, तू सब को हर्षाता है ॥
तू ही वर्षा करे धर्म की, तू ही कर्म कराता है ।
तू ही इन को धारण करता, तू ही शक्तिदाता है ॥
सुख बर्षाने वाले तेरा, भजन सदा सुखरूप है ।
तेरा साधन सुखी बनाता, तू सुखों का भूप है ॥

वृषा ह्यसि भानुना द्युमन्तं त्वा हवामहे । पवमान स्वर्दृशम् ॥
यदद्भिः परिषिच्यसे मर्मृज्यमान आयुभिः । द्रोणे सधस्थमश्नुषे ॥
आ पवस्व सुवीर्यं मन्दमानः स्वायुध । इहो ष्विन्दवा गहि ॥४॥
हे पावक हे सोम, मनोरथ पूरा करने वाला तू ।
तुझे बुलायें सुखलोक के दर्शक, सत्यज्ञान की ज्वाला तू ॥
जीवनसाधक बार बार, तुझे कर्म जल से धोते हैं ।
अन्तःकरण में तू रमता, तुझ से मिल दुःख खोते हैं ॥
हे उत्तम शास्त्रों के धारक, सोम तू बल का दान कर ।
हे आह्लादक मन में आकर, मुझ को शोभावान कर ॥

पवमानस्य ते वयं पवित्रमभ्युन्दतः । सखित्वमा वृणीमहे ॥
ये ते पवित्रमूर्मयोऽभिक्षरन्ति धारया । तेभिर्नः सोम मृडय ॥
स नः पुनान आ भर रयिं वीरवतीमिषम् ।
ईशानः सोम विश्वतः ॥५॥
तू है सोम तू भर शक्ति से, अन्तःकरण में आता है ।
तुझ को हम सब मित्र बनावें, तू ही मन को भाता है ॥
हे सोम तेरी आनन्द लहरें, मन मन्दिर में आती हैं ।
हम को भर दें सब से ही, हम को तो वे भाती हैं ॥
हे सोम हमें ऐश्वर्य भी दे दो, तू ही उसका दाता है ।
तेरी प्रेरणा ही प्रभुता है, तू सब का अधिष्ठाता है ॥

इति प्रथमः खण्डः ।

अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम् । अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम् ॥
अग्निमग्निं हवीमभिः सदा हवन्त विश्पतिम् ।
हव्यवाहं पुरुप्रियम् ॥
अग्ने देवाँ इहा वह जज्ञानो वृक्तबर्हिषे । असि होता न ईड्यः ॥६॥
अग्नि दूत की करें स्तुति, जो आत्म यज्ञ का होता है ।
दिव्य अग्नि है इष्ट हमारा, शुभ कामों का सोता है ॥
यज्ञ भावों को धारण करता, रक्षक सब का प्यारा है ।
वही हमारी रक्षा करता, हम ने उसे पुकारा है ॥
मुझ साधक के पावन मन में, अपना आसन तू बना ।
स्तुति के योग्य तू ही है, मुझ में दिव्य गुण उपजा ॥

मित्रं वयं हवामहे वरुणं सोमपीतये । या जाता पूतदक्षसा ॥
ऋतेन यावृतावृधावृतस्य ज्योतिषस्पती । ता मित्रावरुणा हुवे ॥
वरुणः प्राविता भुवन्मित्रो विश्वाभिरूतिभिः ।
करतां नः सुराधसः ॥७॥
ब्रह्मानन्द के रस से भर कर, अपने स्वरों को साधें ।
विवेक शक्ति को पाकर, ईश्वर को हम आराधें ॥
परम सत्य से आते मित्र वरुण, परम सत्य दर्शाते हैं ।
सत्य भरे दिव्य गुणों को, गा गा गीत बुलाते हैं ॥
पा विवेक हम स्वर को साधें, रक्षा हित बलवान बनें ।
हमें बचा सदा कष्टों से, रक्षा हित शक्तिमान बनें ॥

इन्द्रमिद् गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः । इन्द्रं वाणीरनूषत ॥
[illegible] इन्द्र हर्योः सचा सम्मिश्ल आ वचोयुजा ।
इन्द्रो वज्री हिरण्ययः ॥
इन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च । उग्र उग्राभिरूतिभिः ॥
इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद्दिवि ।
वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥८॥
सामगायक सामगान से, इन्द्र का सम्मान करते ।
अपनी वाणी से कर प्रशंसा, गीत गा गुणगान करते ॥
इन्द्र निज शक्ति लगा, ज्ञान कर्म का इन्द्रियों से मेल करता ।
तेजोमयी वाणी का स्वामी, संहार का भी खेल करता ॥

तेजस्वी इन्द्र संघर्षों में, सदा सदा रक्षा करना।
ज्ञान भरे हो काम करें, सारे विघ्नों को तू हरना॥
वह इन्द्र तम का नाश कर, ज्ञान किरण चमकाता।
दीर्घ दृष्टि हम को देकर, सदा सुकर्मों में है लगाता॥

इन्द्रे अग्ना नमो बृहत् सुवृक्तिमेरयामहे। धिया धेना अवस्यवः॥
ता हि शश्वन्त ईडत इत्था विप्रास ऊतये। सबाधो वाजसातये॥
ता वां गीर्भिर्विपन्यवः प्रयस्वन्तो हवामहे।
मेधसाता सनिष्यवः॥९॥

अंगों भरना ज्ञान का रस हो, इन्द्र प्रभु को नमन करें।
जो ध्यान धारण से रस देता, उस अग्नि में रमन करें॥
मेधावी साधक सम्पत्ति हित, जब जब यत्न किया करता।
उसी इन्द्र अग्नि को गाता, जो सब की रक्षा धन भरता॥
पवित्र ज्ञान पाने को, भक्त जन तुम्हें पुकार रहे।
जीवन पथ में बढ़ने को, शक्ति हित सदा निहार रहे॥

इति द्वितीयः खण्डः।

वृषा पवस्व धारया। मरुत्वते च मत्सरः।
विश्वा दधान ओजसा॥
तं [illegible] धर्त्तारमोण्यो३ः पवमान स्वर्दृशम्।
हिन्वे वाजेषु वाजिनम्॥
अया चित्तो विपानया हरिः पवस्व धारया।
युजं वाजेषु चोदय॥१०॥

चितिशक्ति के स्वामी हित, [illegible] हर्ष सरोवर बना हुआ।
सोम [illegible] सब का पालन करता, धारारूप [illegible] रहे बहा॥
सोम पृथिवी अन्तरिक्ष का, तीनों काल में आधार है।
स्वलोक का दर्शन कराता, ज्ञान बल भण्डार है॥
जो जो करें हम कर्म जग में, ज्ञान हो आधार हो।
[illegible] चाहते इस सोम को, वह मित्र जीवन सार हो॥
यह आकर्षक सोम हृदय में बहे हम पी सकें।
ज्ञान पाकर [illegible] जन, योग जीवन जी सकें॥

वृषा शोणो अभिकनिक्रदद् गा नदयन्नेषि पृथिवीमुत द्याम् ।
इन्द्रस्येव वग्नुरा शृण्व आजौ प्रचोदयन्नर्षसि वाचमेमाम् ॥
रसाय्यः पयसा पिन्वमान ईरयन्नेषि मधुमन्तमंशुम् ।
पवमान सन्तनिमेषि कृण्वन्निन्द्राय सोम परिषिच्यमानः ॥
एवा पवस्व मदिरो मदायोदग्राभस्य नमयन् वधस्नुम् ।
परि वर्णं भरमाणो रुशन्तं गव्युर्नो अर्ष परि सोम सिक्तः ॥११॥
बलवान इन्द्रियों को गुंजाता, सोम ही [illegible] गा रहा ।
इन्द्र से आदेश पा जीवन युद्ध में भक्ति ला रहा ॥
हे रसीले सोम चंचल जन को, नीचे करके विनयी बना ।
हर्ष भरा तू सिंचित सुन्दर, अंग अंग में ज्योति जगा ॥

इति तृतीयः खण्डः ।

त्वामिद्धि हवामहे सातौ वाजस्य कारवः ।
त्वां वृत्रेष्विन्द्र सत्पतिं नरस्त्वां काष्ठास्ववतः ॥
स त्वं नश्चित्र वज्रहस्त धृष्णुया मह स्तवानो अद्रिवः ।
गामश्वं रथ्यमिन्द्र सं किर सत्रा वाजं न जिग्युषे ॥१२॥
हे ईश्वर ऐश्वर्यशाली, ज्ञान लाभ हित तुझे बुलाते ।
विघ्न काल में विजय हित, तुझ रक्षक को ध्यान में लाते ॥
[illegible] पूजनीय इन्द्र तेरी भक्ति से, सब विघ्नों का नाश करें ।
विजय लाभ हित इन्द्रियों में, ज्ञान कर्म प्रकाश करें ॥

अभि प्र वः सुराधसमिन्द्रमर्च यथा [illegible] ।
यो जरितृभ्यो मघवा पुरूवसुः सहस्रेणेव शिक्षति ॥
शतानीकेव [illegible] जिगाति धृष्णुया हन्ति वृत्राणि दाशुषे ।
गिरेरिव प्र रसा अस्य पिन्विरे दत्राणि पुरुभोजसः ॥१३॥
[illegible] भक्तो सत्य ज्ञान हित, प्रज्ञा शक्ति को पा लो ।
कई साधनों से समझाता, उसी इन्द्र का ध्यान लगा लो ॥
इन्द्र बड़ा [illegible] शक्तिशाली, सेनापति बन विजय पाता ।
भक्तों को आनन्द देकर, सब विघ्नों को मार भगाता ॥

त्वामिदा ह्यो नरोऽपीप्यन् वज्रिन् भूर्णयः ।
स इन्द्र स्तोमवाहस इह श्रुध्युप स्वसरमा गहि ॥

मत्स्वा सुशिप्रिन् हरिवस्तमीमहे त्वया भूषन्ति वेधसः ।
तव श्रवांस्युपमान्युक्थ्य सुतेष्विन्द्र गिर्वणः ॥१४॥
हे शक्तिशाली तुझे भक्तों ने गीत गा रिझाया है ।
उनके घर में आकर बस जा, जिन्होंने तुझे बुलाया है ॥
हे प्रभु तेरी ज्ञान-प्रभा, सदा सदा हम मांगते ।
यज्ञों में तेरे संदेशों से, परम सत्य को चाहते ॥

यस्ते मदो वरेण्यस्तेना पवस्वान्धसा । देवावीरघशंसहा ॥
जघ्निर्वृत्रममित्रियं सस्निर्वाजं दिवे दिवे । गोषातिरश्वसा असि ॥
सम्मिश्लो अरुषो भुवः सूपस्थाभिर्न धेनुभिः ।
सीदञ्छ्येनो न योनिमा ॥१५॥
परमानन्द हम चाहते, उस को तू धारा बहा ।
दिव्य भावों को जगाकर, पाप भावों को भगा ॥
तू द्वेष असुरों को भगाकर, ज्ञान [illegible] का दान करता ।
कर्म शक्ति को बढ़ाकर, अंग अंग बलवान करता ॥
हे सोम ! तेजस्वी बाज सम, मूल घर में तू आता ।
पूरी शोभा को दिखाता, जब [illegible] तेरे गीत गाता ॥

अयं पूषा रयिर्भगः सोमः पुनानो अर्षति ।
पतिर्विश्वस्य भूमनो व्यख्यद्रोदसी उभे ॥
समु प्रिया अनूषत गावो मदाय घृष्वयः ।
सोमासः कृण्वते पथः पवमानास इन्दवः ॥
य ओजिष्ठस्तमा भर पवमान श्रवाय्यम् ।
यः पञ्च चर्षणीरभि रयिं येन वनामहे ॥१६॥
सोम बल का देने वाला, दान हित [illegible] बह रहा ।
इस ने दिया [illegible] जन्म, पृथ्वी द्यो को भी नया ॥
परमानन्द पाने के लिए, प्रिय इन्द्रियाँ जो गान करतीं ।
सोम रस बन [illegible] जो आते, यह उसी का पान करतीं ॥
पवमान बलयुत अन्तर्ध्वनि का, आनन्द हम को दान कर ।
ज्ञानेन्द्रियों को जो दिखाता, उस ज्ञान से धनवान [illegible] ॥

वृषा मतीनां पवते विचक्षणः सोमो अह्नां प्रतरीतोषसां दिवः ।
प्राणा सिन्धूनां कलशाँ अचिक्रददिन्द्रस्य हार्दिमाविशन्मनीषिभिः ॥

मनीषिभिः पवते पूर्व्यः कविर्नृभिर्यतः परि कोशाँ अचिक्रदत् ।
त्रितस्य नाम जनयन्मधु क्षरन्निन्द्रस्य वायुं सख्याय वर्धयन् ॥
अयं पुनान उषसो अरोचयदयं सिन्धुभ्यो अभवदु लोककृत् ।
अयं त्रिः सप्त दुदुहान आशिरं सोमो हृदे पवते चारु मत्सरः ॥१७॥
बुद्धिदाता क्रान्तिकारी, सोम ज्ञान चमकाता ।
अंग अंग में भर जोवन, इन्द्र अन्तर्नाद गुंजाता ॥
क्रान्तिकारी ज्ञानभरी सोम सुधा, भक्त हृदय में लाते ।
जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति में, मित्र मम मन को शक्ति बढ़ाते ॥
ज्ञानप्रात में सोम परम, ज्ञान साधनों को चमकाता ।
२१ प्रकार के आनन्द उदित कर, घट का आनन्ददाता ॥

एवा ह्यसि वीरयुरेवा शूर उत स्थिरः । एवा ते राध्यं मनः ॥
एवा रातिस्तुविमघ विश्वेभिर्धायि धातृभिः ।
अधा चिदिन्द्र नः सचा ॥
मो षु ब्रह्मेव तन्द्रयुर्भुवो वाजानां पते ।
मत्स्वा सुतस्य गोमतः ॥१८॥
हे इन्द्र ! वीरता के प्रेमी, तू सारे विघ्न हटाता है ।
तू भी पक्का शूर है स्वामी, तू प्रतिभा का त्राता है ॥
हे सब सम्पत्ति के स्वामी, रक्षा शक्ति निर्माता है ।
तू ही हमारा सदा सहाई, तेरा ज्ञान सुखदाता है ॥
हे इन्द्र तू ज्ञानधनी है, तू आलस से दूर है ।
सदा सतर्क विज्ञान ज्ञानयुत, परमानन्द से पूर [illegible] ॥

इन्द्रं विश्वा अवीवृधन्त्समुद्रव्यचसं गिरः ।
रथीतमं रथीनां वाजानां सत्पतिं पतिम् ॥
सख्ये त इन्द्र वाजिनो मा भेम शवसस्पते ।
त्वामभि [illegible] नोनुमो जेतारमपराजितम् ॥
पूर्वीरिन्द्रस्य रातयो न वि दस्यन्त्यूतयः ।
यदा वाजस्य गोमत स्तोतृभ्यो मंहते मघम् ॥१९॥
सर्वश्रेष्ठ सत्य का रक्षक, हृदय गगन में समा रहा ।
पालक रक्षक उसी इन्द्र के, भक्त गीत है गा रहा ॥
हे बली इन्द्र हम मित्र तेरे, ज्ञान से बलवान हों ।
हों विजयी हम कभी न हारें, मान से धनवान हों ॥

यह इन्द्र सदा से दानी है, भक्तों की रक्षा करता है।
अपने स्तोताओं का प्रेमी, उनके अज्ञान को हरता है॥

इति षष्ठः खण्डः। इति प्रथमोऽर्धः॥

अथ द्वितीयोऽर्धः।

एते असृग्रमिन्दवस्तिरः पवित्रमाशवः। विश्वान्यभि सौभगा॥
विघ्नन्तो दुरिता पुरु सुगा तोकाय वाजिनः।
त्मना कृण्वन्तो अर्वतः॥
कृण्वन्तो वरिवो गवेऽभ्यर्षन्ति सुष्टुतिम्।
इडामस्मभ्यं संयतम्॥१॥
यह आह्लादक आनन्दरस, हृदय में बहता आ रहा।
सुख सौभाग्य सम्पत्ति, [illegible] बहाता ला रहा॥

राजा मेधाभिरीयते पवमानो मनावधि। अन्तरिक्षेण यातवे॥
आ नः सोम सहो जुवो रूपं न वर्चसे भर। सुष्वाणो देववीतये॥
आ न इन्दो शातग्विनं गवां पोषं स्वश्व्यम्।
वहा भगत्तिमूतये॥२॥
यह चमकता सोम मन में, प्रतिभा से ही आता है।
रूप रसीला धरकर, अन्तरिक्ष से मार्ग बनाता [illegible]॥
हे रसीले सोम हम को, दिव्य सुख का दान कर।
शोभा पाने की शक्ति देकर, हम को कांतिमान कर॥
हे आनन्ददाता उन्नतिपथ में, ऐश्वर्य को हम पा सकें।
ज्ञान किरणें चमककर, हमें ज्ञानी कर्मशील बना सकें॥

तं त्वा नृम्णानि बिभ्रतं सधस्थेषु महो दिवः। चारुं सुकृत्ययेमहे॥
संवृक्तधृष्णुमुक्थ्यं महामहिव्रतं मदम्। शतं पुरो रुरुक्षणिम्॥
अतस्त्वा रयिरभ्ययद्राजानं सुक्रतो दिवः। सुपर्णो अव्यथो भरत्॥
अधा हिन्वान इन्द्रियं ज्यायो महित्वमानशे।
अभिष्टिकृद्विचर्षणिः॥
विश्वस्मा इत्स्वर्दृशे साधारणं रजस्तुरम्।
गोपामृतस्य विर्भरत्॥३॥

हम पुण्यकर्मों के सहारे, प्रकाशलोक में वास कर।
ज्ञानघनों के स्वामी सुन्दर, सोम [illegible] साथ विलास करें ॥
सरस सोम [illegible] काटता, [illegible] क्रोध को मूल से।
है स्तुति को योग्य उन्नति-पथ से, नहीं हटाता भूल से ॥
तू ज्ञानवान तू ज्योतिवान तू सुख सम्पत्ति का दाता है।
ज्ञान राशि से भरा सदा तू, भक्तजनों का त्राता है ॥
तू प्रेरक [illegible] सब अंगों का, तू सब का देखनहारा है।
मनोकामना पूर्ण करता, तू सब से बड़ा सहारा है ॥
सत्य का त्राता ज्ञान विधाता, सोम मेरे मन वास करे।
परमानन्द का देने वाला, अज्ञान अविद्या नाश करे ॥

इषे पवस्व धारया मृज्यमानो मनीषिभिः।
इन्दो रुचाभि गा इहि ॥
पुनानो वरिवस्कृध्यूर्जं जनाय गिर्वणः। हरे सृजान आशिरम् ॥
पुनानो देववीतय इन्द्रस्य याहि निष्कृतम्।
द्युतानो वाजिभिर्हितः ॥४॥
शुद्ध हुआ है मनन बुद्धि से, हे आह्लादक धारा बन।
मेरे अंगों को चमका कर, शुभ कामों का सहारा बन ॥
हे मनोहर सोम मेरी, संकल्प अग्नि को जगा।
ज्ञानशक्ति को बढ़ा कर, पाप भावों को भगा ॥
हे सोम मेरे अंगों ने है, तेरा तेज रूप [illegible] धारा।
दिव्य गुणों का दान कर तू, पूरण करने हारा ॥

इति प्रथमः खण्डः।

अग्निनाग्निः समिध्यते कविर्गृहपतिर्युवा। हव्यवाड् जुह्वास्यः ॥
यस्त्वामग्ने हविष्पतिर्दूतं देव सपर्यति। तस्य स्म प्राविता भव ॥
यो अग्निं देववीतये हविष्मां आविवासति।
तस्मै पावक मृडय ॥५॥
क्रांतदर्शक घर का रक्षक, संकल्प का अग्नि होता है।
संकल्प की अग्नि से वह जलता, तरुण ज्ञान का सोता है ॥
हे दिव्य दान वृत्ति के धारक, तेरी पूजा जो करता।
दिव्य संदेश के देने वाले, यजमान की तू रक्षा करता ॥

[illegible] पावक सुखी बना, [illegible] अपने दानी यजमान को।
मन में जो संकल्प जगाता, दृढ़ कर उसके ज्ञान को॥

मित्रं हुवे पूतदक्षं वरुणं च रिशादसम्। धियं घृताचीं साधन्ता॥
ऋतेन मित्रावरुणावृतावृधावृतस्पृशा। क्रतुं बृहन्तमाशाथे॥
कवी नो मित्रावरुणा तुविजाता उरुक्षया।
दक्षं दधाते अपसम्॥६॥

[illegible] पुकारूँ वरुण मित्र को, शक्ति विवेक पाने को।
दोनों चमकते ज्ञान से, कामों को पूर्ण बनाने को॥
परम सत्य के सत् कामों से, परम [illegible] तक पहुंचाते।
मित्र वरुण संकल्पशक्ति का, उपयोग सभी से करवाते॥
मित्र वरुण हैं क्रांतदर्शी, नाना रूप धरा करते।
बड़े महान सीमा के आगे, विवेकी बन काम किया करते॥

इन्द्रेण सं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा। मन्दू समानवर्चसा॥
आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे। दधाना नाम यज्ञियम्॥
वीडु चिदारुजत्नुभिर्गुहा चिदिन्द्र वह्निभिः।
अविन्द उस्रिया अनु॥७॥

निर्भय मनन शक्ति में, जीवन तत्त्व रहा करता।
दोनों बन समान ज्योति के, सुख का स्रोत बहा करता॥
यज्ञ [illegible] बन इन्द्रियाँ, लीन बीज में हो जातीं।
परहित के काम करते-करते, सूक्ष्म रूप में खो जातीं॥
अति गुप्त दृढ़ स्थान से, ज्ञान शिराएँ ज्ञान जगातीं।
उसी ज्ञान से इन्द्र बना, मानव को किरणें चमकातीं॥

[illegible] हुवे ययोरिदं पप्ने विश्वं पुरा कृतम्। इन्द्राग्नी न मर्धतः॥
उग्रा विघनिना मृध इन्द्राग्नी हवामहे। [illegible] नो मृळात ईदृशे॥
हथो वृत्राण्यार्या हथो दासानि सत्पती।
हथो विश्वा अप द्विषः॥८॥

उसी इन्द्र को मैं बुलाऊँ, जिस [illegible] गीत जगत् [illegible] गाता।
कभी न होते नष्ट ये दोनों, जिन से सदा विश्व गुण पाता॥
नाश करें हिंसक भावों का, इन्द्र अग्नि तेजधारी।
हम स्तुति उनको करें जो, जीवन रण [illegible] हों सुखारी॥

उन्नति पथ पर ले जाते, विघ्नों का नाश किया करते।
सद्भावों की रक्षा करके, दुर्भावों को सदा हरा करते ॥

इति द्वितीयः खण्डः ।

अभि सोमास आयवः पवन्ते मद्यं मदम्।
समुद्रस्याधि विष्टपे मनीषिणो मत्सरासो मदच्युतः ॥
तरत्समुद्रं पवमान ऊर्मिणा राजा देव ऋतं बृहत्।
अर्षा मित्रस्य वरुणस्य धर्मणा प्र हिन्वान ऋतं बृहत् ॥
नृभिर्येमाणो हर्यतो विचक्षणो राजा देवः समुद्रयः ॥९॥
ये मनस्वी आनन्ददाता, आनन्द गंगा बहा रहे।
आनन्द स्थल से आते हुए, हर्षमग्न नहा रहे ॥
परम सत्य से जो सागर, उछल उछल कर आता है।
सोम मिले जो मित्र वरुण, गुण से सत् पथ दिखलाता है ॥
वीर साधकों ने दिव्य सोम, दृढ़ संयम से बनाया है।
आनन्द सागर से लहराता प्यारा, तेजस्वी हमने पाया है ॥

तिस्रो वाच ईरयति प्र वह्निर्ऋतस्य धीतिं ब्रह्मणो मनीषाम्।
गावो यन्ति गोपतिं पृच्छमानाः सोमं यन्ति मतयो वावशानाः ॥
सोमं गावो धेनवो वावशानाः सोमं विप्रा मतिभिः पृच्छमानाः।
सोमः सुत ऋच्यते पूयमानः सोमे अर्कास्त्रिष्टुभः सं नवन्ते ॥
एवा नः सोम परिषिच्यमान आ पवस्व पूयमानः स्वस्ति।
इन्द्रमा विश बृहता मदेन वर्धया वाचं जनया पुरन्धिम् ॥१०॥
वाहक सोम इडा सरस्वती, मही को आगे करता है।
मनीषा देकर ब्रह्मज्ञान से, सब के मन को भरता है ॥
गोएँ स्वामी को पाने, दौड़ दौड़ कर जाती हैं।
मन की शक्तियाँ सुधर सुधर कर, परमानंद को पाती हैं ॥
ज्ञान का दूध पिलाने वाली, ज्ञान रश्मियाँ सोम खोजतीं।
मेधावी जन को पाते ही, विचार शक्तियाँ उसे शोधतीं ॥
बना बनाया सोमरस, साधक जन जब पाता है।
इस प्रशंसा-अधिकारी के, झूम झूम गुण गाता है ॥

हे सोम ! रमकर कर पवित्र, कल्याण की धारा बहा ।
चैतन्यशक्ति जगाकर इन्द्र को, वाक् शक्ति को बढ़ा ॥

इति तृतीयः खण्डः ।

यद्याव इन्द्र ते शतं शतं भूमीरुत स्युः ।
न त्वा वज्रिन्त्सहस्रं सूर्या अनु न जातमष्ट रोदसी ॥
आ पप्राथ महिना वृष्ण्या वृषन् विश्वा शविष्ठ शवसा ।
अस्माँ अव मघवन् गोमति व्रजे वज्रिञ्चित्राभिरूतिभिः ॥११॥
हे इन्द्र तेरी शक्ति को, हजारों लोक पा सकते नहीं ।
ये सभी ब्रह्माण्ड तुझ साधन सम्पन्न तक जा सकते नहीं ॥
हे सुखवर्षक अपने बल से, तू ही सब पर छा रहा ।
हमारी रक्षा करता तेरा ज्ञान, हम तक ही आ रहा ॥

वयं घ त्वा सुतावन्त आपो न वृक्तबर्हिषः ।
पवित्रस्य प्रस्रवणेषु वृत्रहन् परि स्तोतार आसते ॥
स्वरन्ति त्वा सुते नरो वसो निरेक उक्थिनः ।
कदा सुतं तृषाण ओक आ गम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः ॥
कण्वेभिर्धृष्णवा धृषद्वाजं दर्षि सहस्रिणम् ।
पिशङ्गरूपं मघवन्विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे ॥१२॥
हे विघ्ननाशक आनन्द पाने को, तेरे गीत सुनाते हैं ।
पावन स्रोतों पर बैठ अन्तःकरण में तेरे गुण गाते हैं ॥
हे इन्द्र ! आनन्द यज्ञ में, साधक तुझे पुकार रहे ।
प्यासे भक्त तेरे शुभागमन को मेघ समान निहार रहे ॥
इन्द्र अपनी विघ्ननाशक, शक्ति ज्ञान का दान कर ।
हे क्रांतद्रष्टा ज्ञान प्रकाशयुत, ऐश्वर्य हमें प्रदान कर ॥

तरणिरित्सिषासति वाजं पुरन्ध्या युजा ।
आ व इन्द्रं पुरुहूतं नमे गिरा नेमिं तष्टेव सुद्र्वम् ॥
न दुष्टुतिर्द्रविणोदेषु शस्यते न स्रेधन्तं रयिर्नशत् ।
सुशक्तिरिन् मघवन् तुभ्यं मावते देष्णं यत्पार्ये दिवि ॥१३॥
तारक इन्द्र धारण शक्ति से, ज्ञान सभी को दान करे ।
जीवन सरल बनाने को, इन्द्र प्रभु का गान करें ॥

ईश्वर की निन्दा कभी करें न, भक्तों को ही देता है।
दुःखदायी को कुछ नहीं मिलता, भक्त ज्योति से लेता है॥

इति चतुर्थः खण्डः।

तिस्रो वाच उदीरते गावो मिमन्ति धेनवः। हरिरेति कनिक्रदत्॥
अभि ब्रह्मीरनूषत यह्वीर्ऋतस्य मातरः। मर्जयन्तीर्दिवः शिशुम्॥
रायः समुद्रांश्चतुरोऽस्मभ्यं सोम विश्वतः।
आ पवस्व सहस्रिणः॥१४॥
दुधारु गउएँ तीन वाणियाँ, इडा भारती और धरा।
जब बछड़ों सम हमें बुलातीं, आता सोम माधुर्य भरा॥
परम सत्य सिखाने वाली, ब्रह्मगिरा [illegible] सत्य उपजाती।
जब आता [illegible] सोम हृदय में, सारी सुख सम्पत्ति आती॥

सुतासो मधुमत्तमाः सोमा इन्द्राय मन्दिनः।
पवित्रवन्तो अक्षरं देवान् गच्छन्तु वो मदाः॥
इन्दुरिन्द्राय पवत इति देवासो अब्रुवन्।
वाचस्पतिर्मखस्यते विश्वस्येशान ओजसः॥
सहस्रधारः पवते समुद्रो वाचमीङ्खयः।
सोमस्पती रयीणां सखेन्द्रस्य दिवे दिवे॥१५॥
आनन्दी इन्द्र के हित, मधुर सोम रस बह रहा।
इन्द्रियों को दिव्य कर लें, आनन्द उन से जो पावन मिला॥
दिव्य अंग हम को बताते, रस मन को बलवान करे।
सारे बलों का सोम है स्वामी, इसे वही गतिमान करे॥
हजारों धाराओं [illegible] बह कर, आता रस भण्डार [illegible]।
उत्तम प्रेरक रक्षक मित्र, इन्द्र का सोम आधार [illegible]॥

पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणि पर्ये[illegible] विश्वतः।
अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते शृतास इद्वहन्तः सं तदाशत॥
तपोष्पवित्रं विततं दिवस्पदेऽर्चन्तो अस्य तन्तवो व्यस्थिरन्।
अवन्त्यस्य पवितारमाशवो दिवः पृष्ठमधि रोहन्ति तेजसा॥
अरूरुचदुषसः पृश्निरग्रिय [illegible] मिमेति भुवनेषु वाजयुः।
मायाविनो ममिरे अस्य मायया नृचक्षसः पितरो गर्भमा दधुः॥१६॥

हे आत्मज्ञान के स्वामी, पावन छलनी तनी हुई।
परमानन्द को पाने, ज्ञानी मन इच्छा बनी हुई॥
जब तू अपने दर्शन देता, अंग अंग में छा जाता।
कच्चा घड़ा विलासी मानव, रस न इसका ले पाता॥
तपस्वी साधक अन्तर्मन से, आलोक लोक में आता।
इसका रक्षक द्युलोक ज्योति से ऊँचा ही उठ जाता॥
प्रातः काल की उषा रश्मियाँ, सोम प्रकाश दिखातीं।
सम्पत्ति वाली शक्तियाँ बन, ज्ञान-प्रभा चमकातीं॥
चिति शक्तियाँ ज्ञान क्रिया से ज्ञानवती हो जातीं।
सच्चे साधक के मन-मन्दिर में, विचार बनी हैं आतीं॥

इति पञ्चमः खण्डः।

प्र मंहिष्ठाय गायत ऋताव्ने बृहते शुक्रशोचिषे।
उपस्तुतासो अग्नये॥
आ वंसते मघवा वीरवद्यशः समिद्धो द्युम्न्याहुतः।
कुविन्नो अस्य सुमतिर्भवीयस्यच्छा वाजेभिरागमत्॥१७॥
स्तुति के योग्य हो तुम भी, स्तुति जो उसकी गाते हो।
तेजस्वी दानी को गाओ, उसी से सत्य पाते हो॥
त्यागभाव में जागा अग्नि, वह बल हम को देता है।
संकल्प शक्ति को पाकर ही, नर उत्तम धन को लेता है॥

तं ते मदं गृणीमसि वृषणं पृक्षु सासहिम्।
उ लोककृत्नुमद्रिवो हरिश्रियम्॥
येन ज्योतींष्यायवे मनवे च विवेदिथ।
मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि॥
तदद्या चित्त उक्थिनोऽनु ष्टुवन्ति पूर्वथा।
वृषपत्नीरपो जया दिवे दिवे॥१८॥
हे अदम्य इन्द्र तेरे उस, परमानन्द का गान करें।
ज्ञानी जनों का जो पोषक, संघर्षों में जय दान करे॥
जो आनन्द में जीवन देता, मनन शक्ति को चमकाता।
वही रस मन मन्दिर में आ, सब के चित्त को हर्षाता॥

तू बन गया स्तुति योग्य, तू वर्षण शक्ति वाला है।
दिन दिन तुझ को विजय मिले, तू ज्ञान कर्म को माला है॥

श्रुधी हवं तिरश्च्या इन्द्र यस्त्वा सपर्यति।
सुवीर्यस्य गोमतो रायस्पूर्धि महाँ असि॥
यस्त इन्द्र नवीयसीं गिरं मन्द्रामजीजनत्।
चिकित्विन्मनसं धियं प्रत्नामृतस्य पिप्युषीम्॥
तमु ष्टवाम यं गिर इन्द्रमुक्थानि वावृधुः।
पुरूण्यस्य पौंस्या सिषासन्तो वनामहे॥१६॥
इन्द्र अपने पूजक जन को, विनय सुन लीजिए।
जितेन्द्रिय वीर मनस्वी को, महान बना दीजिए॥
इन्द्र! जो ज्ञानी परम सत्य के, आलोक गीत है गा रहा।
पुकार उस को तुम सुनो, जो मनन करता आ रहा॥
उसी इन्द्र का गान करें, जो गीतों से बढ़ाया जाता है।
उस की प्रशंसा करें जिस से, पौरुष जगाया जाता है॥

इति षष्ठः खण्डः। इति द्वितीयोऽर्धः।

इति द्वितीयः प्रपाठकः।

अथ तृतीयः प्रपाठकः

(प्रथमोऽर्धः)

प्र त आश्विनीः पवमान धेनवो दिव्या असृग्रन् पयसा धरीमणि ।
प्रान्तरिक्षात् स्थाविरीस्ते असृक्षत ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः ॥
उभयतः पवमानस्य रश्मयो ध्रुवस्य सतः परि यन्ति केतवः ।
यदी पवित्रे अधि मृज्यते हरिः सत्ता नि योनौ कलशेषु सीदति ॥
विश्वा धामानि विश्वचक्ष ऋभ्वसः प्रभोष्टे सतः परि यन्ति केतवः ।
व्यानशी पवसे सोम धर्मणा पतिर्विश्वस्य भुवनस्य राजसि ॥१॥

हे पवमान तेरी जो ज्ञान किरणें, समाधि में भक्त पाता है ।
हे सोम जो ज्ञानी तुझ को भजते, उन को मन में लाता है ॥
उर की छलनी में छन छन कर, घट में तू ही समाया है ।
ज्ञान रश्मियां तुझे घेरतीं, तू अविचल चित्त में आया है ॥
हे दिव्य सोम ज्ञान रश्मियां, तेरे ही चारों ओर हैं ।
व्यापक बन कर बरसता, तेरा लोकों में शोर है ॥

पवमानो अजीजनद्दिवश्चित्रं न तन्यतुम् । ज्योतिर्वैश्वानरं बृहत् ॥
पवमान रसस्तव मदो राजन्नदुच्छुनः । वि वारमव्यमर्षति ॥
पवमानस्य ते रसो दक्षो वि राजति द्युमान् ।
ज्योतिर्विश्वं स्वर्दृशे ॥२॥

प्रकाशलोक से आकर, बिजली सम आनन्द भर देता ।
अद्भुत महान हितकारी, सब अन्धकार है हर लेता ॥
निष्काम भावना देने वाला, घट घट में भर जाता है ।
कांति भरा यह परमानन्द रस, परम सत्य दर्शाता है ॥

प्र यद् गावो न भूर्णयस्त्वेषा अयासो अक्रमुः ।
घ्नन्तः कृष्णामप त्वचम् ॥
सुवितस्य वनामहेऽति सेतुं दुराव्यम । साह्याम दस्युमव्रतम् ॥
शृण्वे वृष्टेरिव स्वनः पवमानस्य शुष्मिणः ।
चरन्ति विद्युतो दिवि ॥

आ पवस्व महीमिषं गोमदिन्दो हिरण्यवत् ।
अश्ववत् सोम वीरवत् ॥
पवस्व विश्वचर्षण आ मही रोदसी पृण ।
उषाः सूर्यो न रश्मिभिः ॥
परि णः शर्मयन्त्या धारया सोम विश्वतः ।
सरा रसेव विष्टपम् ॥३॥
भ्रमणशील ज्योति किरणों ने, शौर्य दिखाया है ।
अंधकार का पर्दा फाड़ा, सोमों ने अज्ञान भगाया है ॥
सिद्ध परमानन्द रस को, जो साधक अपनाता है ।
सीमानाशक कर्महीन, दुष्टों को मार भगाता है ॥
गरज रहे पवमान सोम का, भारी शब्द सुना जाता ।
प्रकाशलोक में किरणें फैला, वह सुख को बरसाता ॥
हे आह्लादक सोम, हम को ऐश्वर्य महान दे ।
कर्म शक्ति विजयशाली, हम को सदा तू ज्ञान दे ॥
उषाकाल में रवि नभ को, किरणों से [illegible] भर जाता ।
भर दे तू भी धरा द्यौ, बरस बरस हे सुखदाता ॥
ब्रह्माण्ड का ज्यों चक्र घेरे, इस को चारों ओर [illegible] ।
हे सोम बहा कल्याणकारी, आनन्द को [illegible] ओर से ॥

इति प्रथमः खण्डः ।

आशुरर्ष बृहन्मते परि प्रियेण धाम्ना । यत्रा देवा इति ब्रुवन् ॥
परिष्कृण्वन्ननिष्कृतं जनाय यातयन्निषः । वृष्टिं दिवः परि स्रव ॥
अयं स यो दिवस्परि रघुयामा पवित्र आ । सिन्धोरूर्मा व्यक्षरत् ॥
सुत एति पवित्र आ त्विषिं [illegible] ओजसा ।
विचक्षाणो विरोचयन् ॥
आविवासन् परावतो अथो अर्वावतः सुतः । इन्द्राय सिच्यते मधु ॥
समीचीना अनूषत हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः । इन्दुमिन्द्राय पीतये ॥४॥
इन्द्रियां तुझ को बुलातीं, सोम आ जा तेज लेकर ।
विचार कर दे उच्च मेरे, संकल्पशक्ति मन को देकर ॥
सोम शीघ्र ही चलता, आलोक लोक से आता है ।
जल की लहरों सा लहराता, हृदय में भर जाता है ॥

बना बनाया परमानन्द यह, वेग चमकने वाला है।
सारे तत्त्व दिखाकर, मन में भरता ज्योति ज्वाला है॥
सिद्ध हुआ यह दूर पास के, सभी भेद दर्शाता।
मधुर सोम यह शक्तिदाता, मन मन्दिर में आता॥
मनीषी साधक परमानन्द के, गीत प्रेम से गाते हैं।
अपने मन को दिव्य बनाकर, आनन्द भोग कराते हैं॥

हिन्वन्ति सूरमुस्रयः स्वसारो जामयस्पतिम्। महामिन्दुं महीयुवः॥४॥
पवमान रुचारुचा देव देवेभ्यः सुतः। विश्वा वसून्या विश॥
आ पवमान सुष्टुतिं वृष्टिं देवेभ्यो दुवः। इषे पवस्व संयतम्॥५॥
अपने पालक पति को पाकर, गतिशील नारियाँ गौरव पातीं।
आनन्द प्रदाता सोम को पा त्यों, ज्ञानरश्मियाँ शोभा लातीं॥
हे पावक दिव्य स्वामी, इन्द्रियों को दिव्य कर दे।
अपना भक्ति तेज देकर, इन में सब ऐश्वर्य भर दे॥
सब को पावन करने वाले, मेरे अंग दिव्यता चाहें।
संयम सिखा उन्नत बना, सुख की वर्षा में अवगाहें॥

इति द्वितीयः खण्डः।

जनस्य गोपा अजनिष्ट जागृविरग्निः सुदक्षः सुविताय नव्यसे।
घृतप्रतीको बृहता दिविस्पृशा द्युमद्वि भाति भरतेभ्यः शुचिः॥
त्वामग्ने अङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वने वने।
स जायसे मथ्यमानः सहो महत्त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः॥
यज्ञस्य केतुं प्रथमं पुरोहितमग्निं नरस्त्रिषधस्थे समिन्धते।
इन्द्रेण देवैः सरथं स बर्हिषि सीदन् नि होता यजथाय सुक्रतुः॥६॥
सदा सावधान अग्नि, भक्त के अंग बचाता है।
शुभ पाने को सदा भक्त, अग्नि स्तुति को गाता है॥
ज्ञान चमक से जगमग करता, प्रकाशलोक में आता।
उसी अग्नि को भक्त बढ़ाता, उस से शोभा पाता॥
हे अग्ने तू मन में रहता, किरण किरण में सोया है।
ज्ञानी तुझ को पा लेते हैं, तू अंग अंग में खोया है॥
बलशाली बन सब के भीतर, प्रकट सदा तू होता है।
अंग अंग को शक्ति देकर, निर्बलता को खोता है॥

नेता जन संकल्प अग्नि, जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति में पाते।
दिव्य बनें हम, दिव्य मनों में, यज्ञ भाव उपजाते ॥

अयं वां मित्रावरुणा सुतः सोम ऋतावृधा। ममेदिह श्रुतं हवम् ॥
राजानावनभिद्रुहा ध्रुवे सदस्युत्तमे। सहस्रस्थूण आशाते ॥
ता सम्राजा घृतासुती आदित्या दानुनस्पती।
सचेते अनवह्वरम् ॥७॥
वरुण मित्र की शक्ति किरणो, मेरी विनय सुन लीजिए।
उन्नति पथ की ओर ले जाकर, परम सत्य को दीजिए ॥
जो सब पर हैं शासन करतीं, जड़ चेतन का मेल करो।
वरुण शक्तियो मित्र को लेकर, शुभ कर्मों का खेल करो ॥
ज्ञान के स्वामी तेजस्वी, सदा अखण्डित रहते हैं।
दान भावना की रक्षा हित, जो मित्र वरुण से कहते हैं ॥

इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः। जघान नवतीर्नव ॥
इच्छन्नश्वस्य यच्छिरः पर्वतेष्वपश्रितम्। तद्विदच्छर्यणावति ॥
अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम्। इत्था चन्द्रमसो गृहे ॥८॥
साधक ने सिद्ध समाधि कर, निन्यानवे शक्ति भण्डार लिया।
अपने इन पैने शस्त्रों से, सब विघ्नों को मार दिया ॥
कर्मशील की प्रेरक शक्ति, मन दिव्य खोजने जाता।
दुर्गम पर्वत पर जाकर, उस की गतिशीलता पाता ॥
चन्द्रकला में रवि रश्मियां, अपना आलोक जगातीं।
दिव्य आनन्द में स्रष्टा को, ज्योति सदा दर्शातीं ॥

इयं वामस्य मन्मन इन्द्राग्नी पूर्व्यस्तुतिः। अभ्राद्वृष्टिरिवाजनि ॥
शृणुतं जरितुर्हवमिन्द्राग्नी वनतं गिरः। ईशाना पिप्यतं धियः ॥
मा पापत्वाय नो नरेन्द्राग्नी माभिशस्तये।
मा नो रीरधतं निदे ॥९॥
हे इन्द्र हे अग्ने तुम्हारी, प्रशंसा मननशील [illegible] करते।
सुख बरसाकर मेघ समान, उस के ही दुःख को हरते ॥
हे इन्द्रियो पुकार सुनो, [illegible] जन [illegible] गा रहे।
विचारशक्तियां साथ लेकर, तेज मान [illegible] पा रहे ॥

हे इन्द्र ! हे अग्ने, हम को, उन्नति पथ पर पहुंचाना।
हिंसा, निन्दा, पाप करने को, हम को धन न दे जाना॥

इति तृतीयः खण्डः ।

पवस्व दक्षसाधनो देवेभ्यः पीतये हरे। मरुद्भ्यो वायवे मदः॥
स देवैः शोभते वृषा कविर्योनावधि प्रियः। पवमानो अदाभ्यः॥
पवमान धिया हितोऽभि योनिं कनिक्रदत्।
धर्मणा वायुमारुहः॥१०॥
हे मनोहर सोम हम को, कर्म प्रवीण बनाते हो।
पान करें हे प्राणशक्तियां, गतिशील को सुख पहुंचाते हो॥
दिव्य गुणों के चाहने वाले, अंगों से शोभा पाता है।
सुखवर्षक क्रांतिकारी सोम, अपने घर से आता है॥
हे सोम धारणा बुद्धि से, तू अनहद गीत सुनाता।
अपने प्रताप से प्राणशक्ति का, पावन स्वामी बन जाता॥

तवाहं सोम रारण सख्य इन्दो दिवे दिवे॥
पुरूणि बभ्रो नि चरन्ति मामव परिधीँ रति ताँ इहि॥
तवाहं नक्तमुत सोम ते दिवा दुहानो बभ्र ऊधनि।
घृणा तपन्तमति सूर्यं परः शकुना इव पप्तिम॥११॥
हे इन्द्र तू आनन्ददाता, तेरे संग ही रहा करूँ।
पाप की ओर ले जाने वाली, सीमाओं को सदा हरूँ॥
हे भरणकर्ता सोम तेरे से, निशदिन आनन्द पाऊँ।
तेजस्वी बन तेरे तेज से, प्रभु पक्षी तक उड़ जाऊँ॥

पुनानो अक्रमीदभि विश्वा मृधो विचर्षणिः।
शुम्भन्ति विप्रं धीतिभिः॥
आ योनिमरुणो रुहद्गमदिन्द्रो वृषा सुतम्। ध्रुवे सदसि सीदतु॥
नू नो रयिं महामिन्दोऽस्मभ्यं सोम विश्वतः।
आ पवस्व सहस्रिणम्॥१२॥
विविधरूपी दूरदर्शक, सोम बाधाएँ हरे।
मेधावी स्तुति गीतों से, उसका सत्कार करे॥

अपने स्थान पर सिद्ध सोम, अविचल बना रहता।
शक्तिशाली इन्द्र उसे पा, निश्चल ही खड़ा रहता॥
हे आह्लादक सोम सदा, सुख की वर्षा करते रहना।
चारों ओर से धारा बन, जीवन में धन भरते रहना॥

इति चतुर्थः खण्डः।

पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा यं ते सुषाव हर्यश्वाद्रिः।
सोतुर्बाहुभ्यां सुयतो नार्वा॥
यस्ते मदो युज्यश्चारुरस्ति येन वृत्राणि हर्यश्व हंसि।
स त्वामिन्द्र प्रभूवसो ममत्तु॥
बोधा सु मे मघवन् वाचमेमां यां ते वसिष्ठो अर्चति प्रशस्तिम्।
इमा ब्रह्म सधमादे जुषस्व॥१३॥
हे इन्द्र तू परमानन्द पी ले, तेरे लिए यह बना हुआ।
घर्म मेघ सम वर्षा करता, सुख देने को तना हुआ॥
योग ध्यान से साधक ने, वश में अपने इसे किया।
नथे हुए घोड़े की न्याईं, तेरे आनन्द के हित दिया॥
समाधि योग से जो आनन्द, हे इन्द्र तू ने पाया।
शक्तिशाली बन इस से ही सारे विघ्नों को मार भगाया॥
संयमी ज्ञानी जिस वाणी से, तेरे गुण गण गान करे।
ऐश्वर्यशाली इन्द्र मुझे भी, उसी शक्ति का दान करे॥

विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरः सजूस्ततक्षुरिन्द्रं जजनुश्च राजसे।
क्रत्वे वरे स्थेमन्यामुरीमुतोग्रमोजिष्ठं तरसं तरस्विनम्॥
नेमिं नमन्ति चक्षसा मेषं विप्रा अभिस्वरे।
सुदीतयो वो अद्रुहोऽपि कर्णे तरस्विनः समृक्वभिः॥
समु रेभासो अस्वरन्निन्द्रं सोमस्य पीतये।
स्वःपतिर्यदी वृधे धृतव्रतो ह्योजसा समूतिभिः॥१४॥
उत्तम कर्म कराने वाला, शोभित इन्द्र निर्माण करो।
हिंसक वृत्ति नाशक उस को, तेजशक्ति का ध्यान करो॥
ज्ञानी मानव स्तुति गीतों से, विजयी सोम को गाते हैं।
दूर दृष्टि से द्वेषरहित हो, कांतिवान को शीश झुकाते हैं॥

